शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 08, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 03 फरवरी 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'राम मन्दिर की स्थापना सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा'

## अभिभाषण: - बिना भेदभाव गरीबों, किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध: राज्यपाल



**लखनऊ**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र आरंभ हो गया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरूआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेश वासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और सम्पन्नता की कामना की। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के रूप में राष्ट्र मन्दिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

1 करोड़ 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगारः राज्यपाल ने प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश दिवस के विशिष्ट आयोजन की परम्परा की भी चर्चा की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने फरवरी 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए बताया कि अबतक देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अयोध्या में अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से सम्पन्न हो रही है। लगभग 31,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

महाकुंभ में सेवा और सुविधा के लिए किये जा रहे उत्तम प्रबन्ध राज्यपाल ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के संबंध में सदन को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी संतगणों, स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और विश्व भर से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा के लिए उत्तम प्रबन्ध किए जा रहे हैं।

## 'उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा'

**एनसीआरबी** की रिपोर्ट के अनुसार महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश, देश में नम्बर एक राज्य है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है।

## 'प्रयागराज महाकुम्भ वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा'

**प्रयागराज** महाकुम्भ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा। राज्यपाल ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को अपनाते हुए, बिना भेदभाव सभी वर्गों विशेष रूप से गरीबों, किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन



1076, आईजीआरएस एवं अन्य प्लेटफॉर्म्स द्वारा जनसमस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किये जाने की बात कही। साथ ही बताया कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मुख्यमंत्री कमाण्ड सेण्टर तथा सीएम डैशबोर्ड की स्थापना की गई है। सुशासन के संकल्प के साथ उनकी सरकार ने प्रदेश में शांति और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है।

## 11 फरवरी को रामलला के दर्शन करेगी सीएम योगी की कैबिनेट



**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी कैबिनेट 11 फरवरी को रामलला के दर्शन करेगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत विभिन्न दलों के विधायक भी मौजूद रहेंगे।

पूर्व में सीएम योगी ने एक फरवरी को कैबिनेट के साथ दर्शन करने की घोषणा की थी। हालांकि अयोध्या में रोजाना दर्शन के लिए देश भर से उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने बताया कि अब कैबिनेट और विधानसभा के ज्यादातर सदस्य 11 को दर्शन करने के लिए आएंगे। दर्शन के बाद सभी विशिष्टजनों को अयोध्या में भोज भी दिया जाएगा।

**संघ व विहिप के चार हजार कार्यकर्ताओं ने किए रामलला के दर्शन**

प्रांतवार दर्शन के क्रम में शुक्रवार को उत्तर बिहार व नेपाल से आए संघ व विहिप के चार हजार कार्यकर्ताओं ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। आस्था स्पेशल ट्रेन से दोपहर 12:30 बजे उत्तर बिहार के दो हजार व दोपहर 2:30 बजे नेपाल के 300 कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचे। स्टेशन पर उतरते ही पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत सम्मान किया गया।

## आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर फॉर्म-2, 3 और 5 अधिसूचित

**नई दिल्ली**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2024-25 का इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने के लिए आईटीआर फॉर्म 2, 3 और 5 को अधिसूचित कर दिया है। आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए ये फॉर्म एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि सीबीडीटी की ओर से आकलन वर्ष 2024-25 में आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए 31 जनवरी, 2024 को आईटीआर फॉर्म-2, 3 और 5 को अधिसूचित कर दिए गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक आयकर विभाग की ओर से आईटीआर-1 और आईटीआर-6 फॉर्म पहले ही अधिसूचित किए जा चुके हैं। सीबीडीटी ने जारी बयान में बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए और आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहूलियत के लिए आईटीआर फॉर्म में बदलाव किए गए हैं। सीबीडीटी के मुताबिक 50 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों के लिए आईटीआर-1 फॉर्म दिसंबर, 2023 में अधिसूचित किया गया था, जबकि कंपनियों के रिटर्न भरने के लिए आईटीआर-6 फॉर्म जनवरी, 2024 में अधिसूचित किया गया। सीबीडीटी के मुताबिक आईटीआर दाखिल करने के लिए 1 से लेकर 6 तक सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए गए हैं। ये आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होंगे।

## मुस्लिम संगठनों ने ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा की अनुमति देने पर आपत्ति जताई

**नई दिल्ली**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व में देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधियों ने वाराणसी की निचली अदालत के जरिए ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा की अनुमति दिए जाने के फैसले पर आपत्ति जताई है। मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस मामले पर देश की राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है। आईटीओ स्थित जमीअत के प्रधान कार्यालय के मदनी हॉल में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में इस फैसले को पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना और बेबुनियाद दलीलों पर आधारित बताते हुए इसमें प्रशासन और हिंदू पक्षकार की मिली भगत होने का भी आरोप लगाया गया।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली**

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन के वकील से कहा कि उन्हें पहले हाई कोर्ट जाना चाहिए था। हाई कोर्ट भी संवैधानिक अदालत है और वह भी मामले पर विचार करने में उतनी ही सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट का नकारात्मक रुख देखते हुए हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने हाई कोर्ट जाने की छूट लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली। प्रवतर्न



निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात दस बजे मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार कर लिया था। हेमंत सोरेने ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर पहले तो ईडी के समन को चुनौती दी थी लेकिन जब ईडी ने 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद रात करीब 10 बजे हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया तो सोरेन की ओर से आनन-फानन में सुप्रीम कोर्ट में नयी अर्जी दाखिल कर गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। इतना ही नहीं सोरेन की ओर से एक फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मामले का जिक्र कर जल्दी सुनवाई की मांग की गई थी जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने दो फरवरी को मामले पर सुनवाई के लिए तीन सदस्यीय विशेष पीठ का गठन किया था, जिसने शुक्रवार को मामले पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, एमएम सुंद्रेश और बेला एम त्रिवेदी के समक्ष जैसे ही मामला सुनवाई पर आया और कपिल सिब्बल ने दलीलें रखनी चाही, पीठ ने उनसे सीधा सवाल किया कि वह सीधे सुप्रीम कोर्ट क्यों आये हैं।

## एक देश एक चुनाव: रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई विशेष समय सीमा नहीं दी गई-कानून मंत्री

**नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र में शुक्रवार को एक देश एक चुनाव को लेकर जानकारी दी गई। लोकसभा को सूचित किया गया कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक साथ चुनावों पर उच्च स्तरीय समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई विशेष समय सीमा नहीं दी गई है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लिखित जवाब में कहा कि एक देश, एक चुनाव पर समिति को राजनीतिक दलों से अब तक 35 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। उन्होंने कहा



कि कोविंद पैनल द्वारा रिपोर्ट देने के लिए किसी विशेष समय सीमा तय नहीं की गई है।

**सितंबर 2023 में कोविंद समिति का हुआ था गठन**

मेघवाल से सवाल पूछा गया था कि क्या समिति ने अलग-अलग क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों पर विचार करने के लिए कोई समय सीमा तय की है? बता दें कि सितंबर 2023 में राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था।

**एक साथ चुनाव कराने के लिए काम कर रही है समिति**

यह समिति मौजूदा संवैधानिक ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए काम कर रही है।

## युद्धपोतों पर महिला कर्मियों की हो रही नियुक्ति, सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी



**नई दिल्ली**

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि महिला कर्मियों को युद्धपोतों पर नियुक्त किया जा रहा है। इसके साथ ही नौसेना में विशेष नौसेना वायु संचालन अधिकारी के रूप में महिलाओं की नियुक्ति हो रही है। हालांकि इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है।

**सेना की इतने शाखाओं में दिया जा रहा कमीशन**

रक्षा राज्य मंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि महिला अधिकारियों को मेडिकल और डेंटल कोर के साथ-साथ सैन्य नर्सिंग सेवा के अलावा सेना की 12 शाखाओं और सेवाओं में स्थायी कमीशन दिया जा रहा है।

**2015 में शुरू की गई थी योजना**

अजय भट्ट ने कहा कि वायु सेना ने सभी लड़ाकू भूमिकाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने के लिए 2015 में प्रयोग के तौर पर योजना शुरू की थी। इस योजना को 2022 में नियमित कर दिया गया। मंत्री ने कहा कि रक्षा उद्योगों के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित किए गए हैं। इनमें एक उत्तर प्रदेश में और दूसरा तमिलनाडु में है।

**नौसेना ने बढ़ाई इन जगहों पर निगरानी**

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में अजय भट्ट ने कहा कि भारतीय नौसेना ने मध्य अरब सागर और सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों की तैनाती और हवाई निगरानी बढ़ा दी है। हाउती आतंकी लाल सागर और आसपास के इलाकों में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। अजय भट्ट ने यह भी कहा कि व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की इकाइयों को जिबूती, अदन की खाड़ी के साथ-साथ उत्तरी अरब सागर में तैनात किया जा रहा है।

## आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के लिए हथकड़ी चुनाव चिह्न की मांग

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई की, जिसमें आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के लिए हथकड़ी चुनाव चिह्न देने का अनुरोध किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पाडीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने इस याचिका की सुनवाई के दौरान इसे



नीतिगत मामला बताया और याचिका को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता की मांग की थी कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के लिए हथकड़ी चुनाव चिह्न दिए जाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट दे। पीठ ने कहा कि यह नीतिगत मामला है और वह इस पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि हम उनसे हथकड़ी चुनाव चिह्न रखने के लिए नहीं कह सकते। आप इस याचिका को वापस लीजिए। पीठ के मामले पर सुनवाई की अनिच्छा व्यक्त करने पर वकील ने मामला वापस ले लिया।



बुला रहीं औली की खूबसूरत वादियां...चारों तरफ बर्फ ही बर्फ, स्कीइंग का शौक है तो बस

## कोविन्द ने 'एक देश एक चुनाव' पर विभिन्न पक्षों से किया परामर्श

**नई दिल्ली**

देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द विभिन्न पक्षों से परामर्श करने में जुटे हैं। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति का नेतृत्व कर रहे कोविन्द ने एक उद्योग निकाय और पूर्व उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के साथ परामर्श किया है। अपनी पांचवीं बैठक में शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने समिति के समक्ष एक प्रस्तुति दी, जिसमें 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उद्योग के विचार और इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। प्रतिनिधिमंडल ने समिति को एक ज्ञापन भी सौंपा।

**'हम' के संतोष कुमार सुमन के साथ कोविन्द ने बातचीत की**



पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द ने अलग से शुक्रवार को बिहार के मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन के साथ भी बातचीत की। उन्होंने एक साथ चुनाव पर अपनी पार्टी का विचार प्रस्तुत किया। इससे पूर्व गुरुवार को कोविन्द ने लोकसभा में शिवसेना के नेता राहुल शेवाले और अन्य लोगों के साथ भी बातचीत की थी। नेताओं ने इस विषय पर अपनी सुविचारित राय दी।

**बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस से बात की**

पूर्व राष्ट्रपति ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आरडी धानुका और दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अजीत प्रकाश शाह के साथ भी देश में एक साथ चुनाव कराने पर विचार विमर्श किया।





## सगे भाइयों में जमकर चले लाठी-डंडे और धार दार हथियार

**करछना।** तहसील क्षेत्र के कौंधियारा थाना अंतर्गत सिकटहिया गांव में दो सगे भाइयों में जमीनी मामले को लेकर दो सगे भाइयों में लाठी डंडा और कुल्हाड़ी द्वारा जमकर मारपीट हुई।जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग घायल हुए हैं।शुक्रवार की शाम 6 बजे सिकटहिया गाँव में रामदुलार का बेटा चौधरी व बहगुणा के बीच बटवारे को लेकर जमकर मारपीट हुई।जिसमें एक पक्ष से बहगुणा, बहगुणा की पत्नी उसका बेटा राजकुमार ,बेटी जबकि दूसरे पक्ष से चौधरी उसकी पत्नी,बेटा शिवप्रसाद और बेटी सहित कुल 8 लोगों के सिर और मुंह मे गंभीर चोट आई है।पुलिस दोनों पक्षों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा इलाज के लिए लेकर गयी है वहीं दोनों तरफ से दी गई तहरीर पर पुलिस कार्रवाई करते हुए जांच में जुटी हुई है साथ ही दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके कार्यवाही करने जा रही है।

# जंगली जानवर की चपेट में 40 भेड़ की मौत आधा दर्जन घायल

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सरायवंशी गांव में बीती रात जंगली जानवर ने भेड़ों को झुंड पर हमला कर दिया। वहीं हमले में लगभग 40 भेड़ों की मौत हो गई। आधा दर्जन से ज्यादा भेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। शराय बंशी थाना उतराव निवासी राम अचल पाल जो भेड़ पालन कर अपने परिवार का भारत पोषण करता है।गुरुवार की रात रोज की तरफ वह भेड़ों को बाहर आठ फिट तार से घिरा हुआ बाध कर कुछ दूर पर घर में सो गए। रात में ही जंगली जानवर अंदर प्रवेश कर गया वहीं जंगली जानवर की चपेट में लगभग 40 भेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। लगभग आधा दर्जन से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह तड़के 5:00 बजे के करीब गांव की एक महिला अपने दूसरे घर के लिए जा रही थी। यह देखकर शोर मचाई तो पशुपालक समेत ग्रामीण इकट्ठा हुए तथा अंदर से घायल भेड़ को निकाला गया। गिनती करने पर लगभग 40 भेड़ों की मौत हुई थी। पूर्व ग्राम प्रधान व सपा जिला अध्यक्ष योगेश पाल ने घटना की जानकारी डीएम,एसडीएम, पशुपालन विभाग समेत अन्य अधिकारियों को सूचना दी है। इस संबंध में पशुपालन विभाग का कहना है कि मृतक भेड़ का मेडिकल परीक्षण कराकर मामला स्पष्ट होगा तथा घायल भेड़ को इलाज किया जाएगा। पशु पालक ने बताया कि मृतक 40 भेड़ों की कीमत लगभग 300000 लाख बताई। वही पशुपालक के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है।

## नसीम हत्याकांड के आरोपियों के खुलेआम घूमने और धमकाने का आरोप, गिरफ्तारी मांग उठाई

### विधवा का आरोप है कि मुल्जिम घूम घूम कर सुलह की धमकी दे रहे हैं,

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के मरखामऊ निवासी मोहम्मद नसीम की 20 जनवरी को हत्या कर दी गई थी। पुलिस मुख्य आरोपी को जेल भेज कर चुप बैठ गई आरोप है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से बेवा ने शासन प्रशासन को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी नसीम हत्याकांड के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर अफसार को पुलिस ने जेल भेज कर आरोप है कि चुप बैठ गई है।विधवा रिजवाना बानों का आरोप है कि उसे सुलह के लिए निरंतर धमकी दी जा रही है। आरोपियों द्वारा किसी भी समय उसके परिजनों की हत्या की जा सकती हैं ।विधवा का आरोप है कि जुनैद, फरमूद, रुस्तम, परवेज आदि सहित अन्य अज्ञातों द्वारा उसे तमाम प्रकार की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि मऊआइमा थाने की पुलिस बदमाशों से मिली भगत होने के कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं कर रही है। विधवा रिजवाना बानों ने शासन प्रशासन को तहरीर देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।तथा मऊआइमा पुलिस पर अनेकों आरोप लगाई है।

## छात्राओं के साथ छेड़खानी पर शोहदों को घेरकर पिटाई

**मऊआइमा।** विद्यालय से छुट्टी होने पर घर जा रही छात्राओं को शोहदों ने वन विभाग रेलवे क्रासिंग के पास छेड़खानी किए। बताया गया है कि जिसपर छात्राओं ने शोहदों को चप्पलों से पीटे। शोहदों की पीटाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है।एंटी रोमियो स्क्वायड दस्ता थाने के अन्दर सीमित है। मऊआइमा के कस्बा से विधालय से छुट्टी पर घर जा रहीं कई छात्राओं को शुक्रवार को वन विभाग रेलवे क्रासिंग के पास दो बाइक सवारों ने छेड़खानी करने लगे। बताया गया है कि छात्रों ने बाइक सवारों को घेर कर चप्पलों से पीटे। बताया गया है कि शोहदों पर जब छात्राओं के भारी पडते देख शोहदों ने अपना मुंह छिपा कर बाइक से तेजी से भाग निकले। उक्त घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं अनेकों लोगों का आरोप है कि मऊआइमा थाने में बना एंटी रोमियो स्क्वायड दस्ता में महिला कांस्टेबल केवल थाने तक सीमित हैं।और मुफ्त में वेतन का सुख भोग रहीं हैं। वर्षों बीत गया मऊआइमा का एंटी रोमियो स्क्वायड दस्ता एक भी शोहदे को पकड़ नहीं सका।

## भरवारी रेलवे क्रासिंग पर 01 फरवरी से नही गुजर सकेंगे भारी वाहन,स्कूल बस

**कौशाम्बी** जिले के व्यस्ततम बाजार भरवारी कस्बे में रेलवे क्रासिंग को 31 जनवरी से रेलवे बंद करने जा रहा था, मीडिया में खबर आने के बाद और स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने डीएम और रेलवे के उच्च अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता की जिसके बाद कुछ दिनो के लिए भरवारी का रेलवे क्रासिंग नही बंद करने का आश्वासन डीएम और रेलवे के अधिकारियों ने दिया था,जिसके बाद रेलवे का फाटक बुधवार को बंद नही किया जा सका।

भरवारी रेलवे क्रासिंग के बंद होने की जानकारी सबसे पहले जब स्थानीय भाजपा नेताओं को हुई तो उन्होंने डीएम सुजीत कुमार और रेलवे के उच्च अधिकारियों से वार्ता की,जिसके बाद गुरुवार को रेलवे के उच्च अधिकारियों के आदेश के क्रम में स्टेशन अधीक्षक भरवारी डी एन सिंह ने रेलवे पुलिस को सूचित किया कि अधिकारियो के अग्रिम आदेश तक अभी भरवारी का रेलवे क्रासिंग बंद नही किया जाएगा। जिसके बाद लोगो ने राहत की सांस ली है। वही रेलवे के अधिकारियों के साथ नगर के संभ्रांत लोगो की एक बैठक भरवारी में हुई,बैठक में रेलवे के कई अधिकारी और इंजीनियर पहुंचे और लोगो के साथ वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि अभी फिलहाल रेलवे क्रासिंग नही बंद किया जाएगा।वही रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 01 फरवरी से भरवारी के रेलवे फाटक पर लगे हाइट गेज को नीचे कर दस फीट तक कर दिया जाएगा,जिसके बाद कल से भारी वाहनों एवम स्कूल की बसों का आवागमन बिलकुल से बंद हो जाएगा।वही अधिकारियो ने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद बारिश के दौरान यहां 1.5.3 मीटर का अंडर पास ब्रिज का निर्माण शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान वीके वर्मा, डिप्टी चीफ इंजीनियर गति शक्ति यूनिट,जे.एस तापडिया, डिप्टी चीफ इंजिनियर कन्सट्रक्शन विभाग,सहायक अभियंता अनूप पांडे,भरवारी सभासद शंकर लाल केसरवानी, विवेक गुप्ता, उपांशु केसरवानी, शिवम केसरी, हर्ष केसरवानी, रामबाबू गुप्ता उर्फ गुड्डु मुसई, रवि केसरवानी, जितेन्द्र केसरवानी, गौरव केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पीडीए जन पंचायत से सत्ता परिवर्तन का रास्ता साफ हो रहा है: नरेन्द्र सिंह

### ममोली तथा कचरा गांव में सम्पन्न हुआ सपा का पीडीए जन पंचायत



**मेजा।** समाजवादी पार्टी के पी डी ए जन पंचायत के तहत शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद एवं प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने मेजा के ममोली तथा कचरा गांवों मे पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत वहां क्षेत्रीय निवासियों को संबोधित किया और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मन मे समाज के पीड़ितों के जीवन मे खुशहाली लाने के लिए पी डी ए के माध्यम से प्रत्येक बूथों पर जन पंचायत कार्यक्रम के तहत जनता को जगाना है। उन्होंने बताया कि पी डी ए पंचायत का मतलब है पीड़ितों की पंचायत। जो जो भी पीड़ित हैं उन सबको एक करके चलना है और उनके पीड़ा के निदान के लिए एकजुट होकर अखिलेश यादव के नेतृत्व मे वर्तमान पीड़ादायक सरकार को बदलना है। नरेंद्र सिंह ने कहा कि पी डी ए पंचायत का सीधा मतलब पीड़ितों की पंचायत से है जिसका अर्थ है कि हम सभी वर्गों के गरीब शोषित लोगों के लिए लड़ेंगे और उन सभी को एक करेंगे और सब पी डी ए वाले मिलकर एन डी ए को हरायेंगे यही समाजवादी पार्टी का अभियान पी. डी. ए. जन पंचायत अभियान है। इसी अभियान के तहत प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित किया और सभी कार्यकताओं को यह निर्देशित किया कि गांव-गांव हर बूथ में जाकर पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार की उपलब्धियां और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे मे लोगों के बीच में चर्चा करें और वर्तमान भाजपा सरकार की नाकामियों से तुलनात्मक चर्चा करते हुए जन पंचायत करना है।कार्यक्रम मे पप्पू लाल निषाद, नरेन्द्र सिंह सहित सोमदत्त पटेल, रामदेव निडर, राम निरंजन विश्वकर्मा, जै शंकर पासी, वंशराज यादव, रविन्द्र जैसल, अखिलेश यादव,मंगला पाल, महेंद्र सरोज, प्रदीप निषाद, लल्लू राम सहित बहुत लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर विकासखंड अधिकारी को पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन




ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ को ज्ञापन सौंपते पंचायत सहायक।

**सहसों।** शोषण एवं विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सहायकों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर को उनके समक्ष अपनी समस्याओं को रहते हुए सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनके द्वारा पंचायती राज विभाग में संचालित समस्त कार्यों को चलाने हेतु एवं अन्य विभाग के द्वारा दिए जा रहे कार्यों के बहिष्कार हेतु खंड विकास अधिकारी से विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सहायकों ने अपनी बातें विकासखंड अधिकारी के सामने रखी। जिसमें प्रमुख मांगे मानदेय बढ़ोतरी, राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के द्वारा चलाया जा रहा ई - खसरा/क्रॉप सर्वे पड़ताल के कार्य का बहिष्कार आदि मांगे शामिल रही कजिसमें पंचायत सहायकों का कहना है कि खसरा खतौनी आदि निम्नलिखित कार्य केवल और केवल कृषि विभाग और राजस्व विभाग के लेखपाल का है। जोकि इससे पूर्व में लेखपाल संघ उत्तर प्रदेश के द्वारा इस कार्य का विरोध किया गया है।

इस बात को लेकर बावजूद इसके जिलाधिकारी महोदय द्वारा दबाव पंचायती राज विभाग के निम्न कर्मचारी पंचायत सहायकों पर बनाया जा रहा है। और ग्राम सचिवों के द्वारा यह भी चेतावनी दिया जा रहा है कि अगर आपके द्वारा यह कार्य नहीं किया जाएगा तो आपको नौकरी से अवमुक्त कर दिया जाएगा। जिसको लेकर के पंचायत सहायकों ने अपना बिरोध व ज्ञापन सौंपा और उनसे बात करने पर उनके द्वारा यह भी बताया गया कि इसके पूर्व में आयुष्मान कार्ड, मिशन अंत्योदय और जितने भी कार्य किए गए उसके एवज में एक रुपए की सहयोगी राशि नहीं प्रदान किया गया है। जिसको लेकर के समस्त पंचायत सहायकों में काफी असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। और पंचायत सहायकों ने निम्नलिखित कार्यों के प्रति विरोध एवं ज्ञापन देकर निम्नलिखित मांगों को पूरा करने तथा उचित कार्यवाही की मांग किया गया है। जिसमें पंचायत सहायक विष्णु गुप्ता, अश्विन पटेल, अन्द्रिका भारतीया, वत्सला सिंह, वीरेन्द्र कुमार, विनोद यादव, विनय प्रजापति, सूर्यकांत, शिव बहादुर, निधि यादव सहित ब्लॉक के आदि पंचायत सहायक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कैडर के सहारे लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे बसपाई



**मेजा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जिला इकाई प्रयागराज के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र मेजा के सेक्टर दिघिया और सेक्टर मेजा रोड के बूथ नरवर उपरहार में विधानसभा अध्यक्ष शेषनाथ पासी की अध्यक्षता में पदाधिकारी व कार्यकताओं की बैठक की गई। कैडर बैठक के मुख्य अतिथि बसपा जिला कार्यकारिणी सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम ने अपने विचार रखते हुए कार्यकताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में बहन मायावती जी के द्वारा दिए गए निदेर्शों को बताते हुए तत्काल चुनाव की तैयारी हेतु जुट जाने का आह्वान किया, उन्होंने यह भी कहा बहुजन समाज पार्टी एक मिशन है, जो बहुजन महापुरुषों के विचारों पर चलने वाली पार्टी है, कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है पार्टी के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से पार्टी में काम करने की जरूरत है। बहुजन समाज पार्टी किसी पूंजीपति से आर्थिक सहयोग न लेकर अपने कार्यकताओं के बदौलत ही पार्टी संगठन को चलाती और बढ़ाती है इसलिए हम सभी को अपने क्षमता के अनुसार आर्थिक मदद भी समय-समय पर करते रहना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी बिना किसी जाति भेदभाव के काम करने वाली पार्टी है जो समाज को एकजुट करके समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्षरत है। जिला कार्यकारिणी के सदस्य गुलाब धैर्य व राकेश पासी बड़ा घराना ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें अपने महापुरुषों के विचारों को अमल करना होगा, उनके वैचारिक सिद्धांतों पर चलना होगा बाबा साहब अंबेडकर जी ने कहा था शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा, अर्थात हमें बाबा साहब के सिद्धांत शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो जैसे उनके विचारों को अपनाना होगा। मान्यवर कांशीराम साहब के विचारों पर चलते हुए उनके कथन हमें राजपाट तो बैलेट पेपर से लेना है परंतु तैयारी बुलेट की रखनी है अर्थात हमें अपने महापुरुषों से उनके किए गए आंदोलन संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए पुनः अपनी खोई हुई सत्ता को प्राप्त कर और बहन मायावती जी के हाथों को मजबूत करना होगा। बैठक में विधानसभा प्रभारियों में सुरेश चन्द्र गौतम, अवधेश कुमार, राम बाबू सिंह पटेल, हरिशंकर विद्यार्थी, शोभनाथ विश्वकर्मा, त्रिवेणी प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार, आकाश यादव, राहुल गौतम, संजीव कुमार भारतीय, ओम प्रकाश भारतीय, देवेंद्र नाथ जैसल, संगम लाल, अमित गौतम, अभिजीत, विश्व नारायण, मैकू लाल, राम इकबाल बिन्द, विजय कुमार भारतीय, श्याम बिहारी बिन्द, संतोष कुमार, विमल गौतम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय जनसंघ की हेतापट्टी में हुई आवश्यक बैठक

**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी बाजार में अखिल भारतीय जनसंघ के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक दृष्टिकोण से चर्चा परिचर्चा करते हुए आगामी कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय जनसंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पांडे ने लोगों को संबोधित करते हुए प्रयागराज में संगठन का विस्तार करते हुए विकास खंड बहरिया के कटनई गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता मनीष तिवारी को प्रयागराज जनपद का युवा संघ की गंगापार जिला अध्यक्ष का दायित्व देते नियुक्त किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री अमरीश त्रिपाठी, काशी प्रांत अध्यक्ष राकेश सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, लखन यादव, सौमिश पटेल, अरुण पटेल, अमरपाल एवं रूपेश निषाद सहित आदि कार्यकताओं ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देते मौजूद रहे।

# स्मार्टफोन/टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के खिले उठे चेहरे




छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में स्मार्टफोन का वितरण करते मुख्य अतिथि व अन्य।

**सहसों।** उ.प्र. के युवाओं को तकनिकी शिक्षा सशक्तिकरण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे निःशुल्क स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण कार्यक्रम के चलते छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन/टेबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. राजनारायण सिंह ( सदस्य - उच्च शिक्षा आयोग उ.प्र.) ने स्मार्टफोन/टेबलेट वितरित करते हुए अपने सम्बोधन में उपस्थित छात्र/छात्राओं को छात्र जीवन में अनुशासन, संकल्प से सिद्धि एवं शिक्षा के महत्व और शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते इन्टरनेट एवं तकनीक के उपयोग पर उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देते अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कालेज के प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण, अंग वस्त्रम एवं प्रभु श्रीराम दरबार की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए स्वागत किया। और शिक्षा एवं कैरियर के क्षेत्र में तकनीक के उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के 459 छात्र-छात्राओं को को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कॉलेज के प्राचार्य डा. के.के. सिंह, विमलेश पटेल, पुष्पेंद्र सिंह सहित आदि कॉलेज के कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मॉडल ग्राम पंचायत : अल्हवा में विकास कार्य हेतु कार्य योजना तैयार

अखंड भारत संदेश




**कोराव।** मॉडल ग्राम घोषित और खंड विकास अधिकारी कोराव द्वारा गोद लिए ग्राम पंचायत अल्हवा को और भी सुदृढ़ किए जाने तथा प्रसाशनिक कार्य में तेजी लाए जाने और विकास की गति तिब्रता पूर्वक बढ़ाने के लिए वर्ष 2024-2025 की कार्य योजना में कई प्रस्ताव पारित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सोशल एक्तिविष्ठ ने बताया कि विकास कार्यों और प्रशासनिक कार्यों को अंजाम देने में कोताही नहीं होगी। उक्त बातें शहजादे अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल मंत्री ने बताया कि उक्त ग्राम सभा को करीब पंद्रह बीस साल का कोढ़ जो सिर्फ कागजों पर था उसे दूर कर ग्राम को सुंदर और मॉडल ग्राम एवं एस एल डबल्यू योजना में सूची बद्ध करा कर कई निर्माण कार्य परियोजनाओं को धरातल पर स्थापित किया गया और श्रमिकों को काफी रोजगार प्रदान किया गया साथ ही ग्राम सभा में नए निर्माण कार्यों की मंजूरी हेतु प्रस्ताव पारित किए गए। प्रधान ने बताया कि गांव की हर गली मुहल्ले की सड़क को मुख्य मार्गों से लिंक किए जाने का प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायत की समितियों को सक्रिय किया गया है। विद्यालय में अध्यापकों की कमी से शिक्षा का कार्य बाधित हो रहा है। इस निमित्त पत्राचार किया गया है। किंतु खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव रिजवान खान की लापरवाही से ग्राम्य चौपाल में किए गए जन सुनवाई के बाद दिए गए खंड विकास अधिकारी के पत्राचार निर्देश का भी अमल नहीं किया गया। जिसका शिकायत डीएम प्रयागराज से प्रधान ने किया है। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र भवन के निर्माण हेतु दिए गए प्रस्ताव पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कोरांव व जिले के अधिकारियों ने कोई अभी तक अमल नहीं किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर कोटेदार की मनमानी को भी संबंधित अधिकारी को जताया जा चुका है। किंतु तवज्जो न दिए जाने पर सीधे साशन से नियुक्ति सचिव से शिकायत आपूर्ति निरीक्षक के विरुद्ध की जाएगी। ग्राम सभा में स्थित मनरेगा पार्क आदि स्थानों पर पौधा रोपण को ग्राम के कुछ अराजक असमाजिक तत्वों को जिन्होंने पौधों को नष्ट किया है चिन्हित किया जा रहा है जिससे उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा सके। और जुमार्ना वसूला जाए। प्रधान के अनुसार ग्राम सभा की जो जमीनों को अतिक्रमित किया गया है अब सीधे एफआईआर दर्ज कराए जाने का अभियान शुरू कर दिया गया है,अब तक चेतावनी देने के बावजूद ग्राम समाज की जमीनों से कब्जा न छोड़ने वालों के विरुद्ध भूमि प्रबंधक समिति द्वारा तीन लोगों के खिलाफ जिस्म कोटेदार अल्हवा भी शामिल है धारा 3/5 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत थाना कोरांव में मुकद्दमा दर्ज किया गया है। शेष अतिक्रमण कताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा रही है और ध्वस्ति करण की कार्यवाही कराए जाने की तैयारी जारी है। प्रधान अल्हवा ने बताया कि अपात्र से ग्राम समाज की जमीनें छीन कर गरीबों को पट्टा किया जायेगा। जिससे लोग समाज विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि कई सड़कें पुलिया,पक्के कार्यों का प्रपोजल दिया जा चुका है। पेयजल की व्यवस्था से ग्राम समाज में जल मिशन योजना के तहत पूरे ग्राम को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जा रही है। प्रधान ने समूदाइक चिकित्सालय अल्हवा के निर्माण कार्य को ठिकेदार द्वारा अधर में छोड़ दिए जाने से सीधे डीएम और सीएम लखनऊ से शिकायत भी कराई है। भू माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दी जा रही धमकियों पर पुलिस अफसरों ने कोरांव पुलिस को प्रधान की सुरक्षा हेतु आदेश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा इस ग्राम सभा को विकास की किरणों से सुशोभित करना मेरा उद्देश्य है।

## सरकार द्वारा पेश बजट देश के निर्माण का बजट है : अमरेश



**मेजा।** देश के यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी की हमेशा यही सोच रहती है कि अंतिम पायदान पर खड़े देश के गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच के चलते पारित बजट विकसित भारत के युवा गरीब महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य का बजट है। उक्त बातें भाजपा नमामि गंगे के जिला संयोजक अमरेश तिवारी ने सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। यह बजट श्रेष्ठ और विकसित भारत की संकल्पना की झलक है। इससे देश के युवाओं गरीबों महिलाओ एवं किसानों को काफी लाभ होगा। श्री तिवारी ने इस बजट के लिए सरकार को बधाई दिया है।

# हाईकोर्ट में ज्ञानवापी मामले में सुनवाई को लेकर रहा हाई अलर्ट, जुमे की नमाज पर रही पैनी नजर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी मामले में सुनवाई को लेकर प्रयागराज सहित प्रतापगढ़ और कौशाम्बी जनपदों में हाईअलर्ट रहा। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने कई जगह पैदल मार्च किया। जुमे की नमाज का दिन होने के कारण पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती और मसजिदों के पास जुटने वाली भीड़ पर पैनी नजर रखी गई। खुफिया तंत्र को भी हाई अलर्ट कर दिया गया था। फैसला आने के बाद शांति व्यवस्था भंग न हो इसको लेकर काफी सतर्कता बरती गई। शहर के सिविल लाइंस समेत करेली, अटाला, धूमनगंज, सुलेमसरांय, चौक, अल्लापुर, जानसेनगंज सहित गंगापार यमुनापार इलाके के हंडिया, सोरांव, मऊआइमा, फूलपुर, नवाबगंज, नैनी, बारा, करछना आदि इलाकों में पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भीड़ पर पैनी नजर रखी। खास तौर पर जुमे की नमाज के समय सतर्कता बरती गई। अधिकारी गश्त करते देखे गए।





**जुमे की नमाज पर सतर्क रहे पुलिस अधिकारी :** ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर शुक्रवार को अधिकारी चौकन्ने रहे। दिन में करीब 12 बजे डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती लालगंज पुलिस चौकी पहुंचे। उनके साथ इंस्पेक्टर नवाबगंज घश्याम त्रिपाठी के साथ चैकी प्रभारी अजयपाल सिंह अधिनस्थों के साथ मस्जिदों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभ्रांत लोगों से मिले। इसके बाद डीसीपी की अगुवाई में पुलिस के जवानों ने जेठवारा मार्ग, हनुमान मंदिर चौरा, पुलिस बूथ तिराहा पर पैदल भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

**एडीजी ने मजिस्द के बाहर बैठी महिला को दिया बिस्किट :** एडीजी भानु भाष्कर ने मूरतगंज इलाके के मस्जिदों का निरीक्षण किया। मूरतगंज स्थित एक मंदिर के बाहर बैठी निराश्रित महिला ने एडीजी से कुछ खाने के लिए मांगा तो वह ठिठक गए। उन्होंने फौरन पास रही एक दुकान से महिला को बिस्किट मंगवा कर दिया।

**साइबर सेल कर रहा सोशल मीडिया पर निगरानी :** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट पर निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके लिए साइबर सेल मानीटरिंग कर रहा है। एसपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**ज्ञानवापी प्रकरणः संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रही पुलिस :** ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं हो, इसे लेकर जिले की पुलिस चौकन्ना रही। खासकर मस्जिदों में नमाज के वक्त पुलिस का बाहर सख्त पहरा रहा। सोशल मीडिया पर भी किसी तरह का भड़काऊ पोस्ट नहीं हो, इस पर भी निगरानी की गई।ज्ञानवापी प्रकरण अदालत में विचाराधीन है। कोर्ट से जब तक किसी पक्ष के लिए फैसला नहीं आ जाता, जब तक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को चौकन्ना किया गया था। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर जिले भर की पुलिस मस्जिदों के समीप मुस्तैद रही। खुद एडीजी भानु भाष्कर, आईजी प्रेम कुमार गौतम, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव जिले में भ्रमणशील रहे। संवेदनशील कस्बों में पैदल मार्च किया गया।

न्यूज झरोखा

## जानलेवा मंझा बेचने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

**सरायइनायत में गुरुवार को सचिन के गले में मंझा फंसने से हुई थी दर्दनाक मौत**



**झूंसी।** मासूम सचिन की मौत से पैतृक गांव हंडिया के अजोरवां तथा ननिहाल सरायइनायत के कुवांडीह गांव में गमजदा माहौल है। लोग अचानक आई इस विपदा से स्तब्ध है। हादसे के बाद जहां कुछ लोग इसे नियति मान रहे हैं, वही अधिकतर लोग जानलेवा मंझा बेचने वालों को जिम्मेदार मान रहे हैं। परिजनों ने सचिन का अंतिम संस्कार गुरुवार को ही सैदाबाद के शीर्षा घाट पर कर दिए थे। सरायइनायत में जानलेवा मंझे से गला कटने पर अशोक यादव के दस वर्षीय इकलौते बेटे सचिन की दर्दनाक मौत हो गई थी। वह माता पिता के साथ कुवांडीह ननिहाल में रहता था। उसके मामा नहीं थे, वह अपनी मम्मी पापा के साथ बूढ़े नाना का भी दुलारा था। अशोक के तीन भाई अजोरवां गांव में रहते हैं। इस हादसे के बाद मानो परिजनों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हो। गांव के लोग भी गमजदा है। सचिन के घर रोते-बिलखते पहुंच रहे रिस्तेदार घटना से बेहद दुखी है। हादसे से आहत बसपा ने नेता ज्ञान सिंह पटेल, सपा जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, वरिष्ठ भाजपा नेता रतनराज सिंह, व्यवसायी सोनू गुप्ता, अशोक सिंह आदि ने जानलेवा मंझा बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की है।

### ग्राम चौपाल में शिकायती पत्रों का हुआ तत्काल निस्तारण



**सोरांव।** जन समस्याओं का निराकरण एवम पारदर्शिता सरकार की प्राथमिकता है। इसी बात को लेकर 23 दिसंबर 2022 से सरकार ने सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम्य विकास के अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र से जुड़े ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की विकास से जुड़ी हर समस्या को मौके पर ही पारदर्शिता पूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत थरवई और भिदिउरा के ग्राम सचिवालय पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार यादव ने किया। जिसमें साफ सफाई, शौचालय, आवास, समूह, पेंशन, मनरेगा से कराए गए कार्य का सत्यापन,15 वें वित्त से कराए गए कार्य का सत्यापन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, शौचालय, नाली, खड़ंजा आदि के विषय पर चर्चा की गई। इस चौपाल में थरवई गांव में चार शिकायती पत्र ग्रामीणों द्वारा दी गई। और सभी शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी सुनीता सिंह,ग्राम प्रधान राजेश कुमार,ग्राम प्रधान एडवोकेट पवन कुमार,सफाई कर्मी, पंचायत सहायक विमलेश कुमार संग ग्रामीण मौजूद रहे।



## माघ मेले में संतों ने निकाली पेशवाई

**स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती समेत सैकड़ों संत हुए शामिल**

**प्रयागराज।** गौ माता की रक्षा एवं गौ माता को राष्ट्र माता के आसान पर विराजमान कराने के संकल्प के साथ ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती का रामा गौ मंगल प्रवेश आज शुक्रवार को माघ मेला शिविर में हुआ। इस अवसर पर भव्य पेशवाई निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में संत महात्मा और अनुयायी सम्मिलित हुए।तीर्थों के राजा प्रयागराज की पुण्य भूमि पर शंकराचार्य महाराज की पेशवाई का शुभारंभ मेला क्षेत्र के परेड स्थित गंगा सेवा अभियानम के शिविर से हुआ। शंकराचार्य महाराज के संकल्प के अनुरूप ही पेशवाई का स्वरूप रहा। माघ मेला के दौरान छह फरवरी को प्रस्तावित गौ संसद की भव्य एवं दिव्य झांकी इस पेशवाई का प्रमुख आकर्षण रही।

**धर्मध्वजा फहराते हुए बढ़ते रहे संतों के कदम :** गौ संसद की झांकी के आगे-आगे संत गोबर गोपाल जी अपनी गाय लेकर चल रहे थे। गौ संसद की झांकी को प्रयागराज की जनता ने न सिर्फ देखा अपितु जनता जर्नादन के बीच यह झांकी चर्चा का विषय भी बन गई। गाय को राष्ट्रमाता बनाने के लिए शंकराचार्य महाराज द्वारा छेड़े गए अभियान की लोग सराहना करते हुए दिखे। साधु-संत, मंडलेश्वर एवं महामंडलेश्वरों ने भी इस झांकी से भावनात्मक रूप से जुड़े दिखे। इस हुजूम की अगुवाई महामंडलेश्वर सहजानंद कर रहे थे। उनके रथ के पीछे अनेक रथ थे जिनपर अनेकानेक संत महात्मा धर्मध्वजा फहराते दिखाई दे रहे थे। एक दर्जन से अधिक बैंडबाजा दल के कलाकारों द्वारा पूरे रास्ते भर भक्तिगीतों की धुन बजाई जाती रही।

## मण्डलायुक्त ने मण्डलीय धान खरीद प्रगति की समीक्षा की

**मण्डलायुक्त ने सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी को यूपीपीसीयू के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए धान राइस मिलों को प्रेषित किये जाने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शुक्रवार को गांधी सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत धान खरीद की समीक्षा की। समीक्षा में प्रयागराज सम्भाग में अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 78.72 प्रतिशत की खरीद कृषकों से की जा चुकी है। कुल धान खरीद के सापेक्ष 77.80 प्रतिशत धान राइस मिलों को प्रेषित किया जा चुका है। प्रेषित धान पर देय सी०एम०आर० के सापेक्ष 81 प्रतिशत सी०एम०आर० का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम को किया जा चुका है। कुल खरीद के सापेक्ष 95 प्रतिशत भुगतान कृषकों को अब तक किया जा चुका है। समीक्षा में क्रय संस्था यू०पी०पी०सी०यू० द्वारा क्रय किये गये धान के सापेक्ष मात्र 64 प्रतिशत धान ही राइस मिलों को प्रेषित किया गया है, जिसमें मण्डलायुक्त ने सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी को यू०पी०पी०सी०यू० के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए धान राइस मिलों को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। समस्त जिला खाद्य विपणन अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अपने-अपने जनपद की राइस मिलों का निरीक्षण करते हुए सी०एम०आर० सम्प्रदान में प्रगति लायी जाय। इस अवसर पर क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक/प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान, आर0एम0ओ0 तथा सभी जनपदों के डिप्टी आर0एम0ओ0 सहित क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने तलब की मेरठ के मदरसा छात्रवृत्ति घोटाले की जानकारी, उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ के मदरसों में छात्रवृत्ति वितरण को लेकर 13 साल पहले हुए घोटाले में आरोपी बागपत की जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुमन गौतम को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ किसी भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए सरकार से दो हफ्ते में मामले की पूरी जानकारी तलब की है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने याची की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर याची के अधिवक्ता सुनील चौधरी को सुन कर दिया।मामला मेरठ जिले का है। वर्ष 2010 में सरकार द्वारा मदरसों की प्रबंध समिति के खाते में छात्रवृत्ति की मद में चार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे। जिसके वितरण में बरती गई अनियमितता के कारण तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुमन गौतम और कार्यालय के लिपिक संजय त्यागी समेत कई मदरसा संचालकों के खिलाफ 98 मुकदमे दर्ज किए गए थे। मामले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन मेरठ को सौंपी गई है।इस चर्चित घोटाले में आरोपी सुमन गौतम मौजूदा समय में बागपत जिले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात हैं। गिरफ्तारी से बचने की लिए उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याची के अधिवक्ता सुनील चौधरी का कहना है कि मेरठ में तैनाती के दौरान याची अधिकारी ने खुद इस मामले में छह मदरसा संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा कर गबन की गई धनराशि की वसूली की कार्रवाई की थी। उन्होंने यह भी दलील दी कि वर्ष 2010 में छात्रवृत्ति की राशि सीधे प्रबंध तंत्र के खाते में भेजी जाती थी, प्रबंध तंत्र द्वारा ही छात्रवृत्ति का वितरण किया जाता था, जबकि वर्ष 2014 से यह राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जाने लगी। इससे स्पष्ट है कि धनराशि के लेनदेन में प्रत्यक्ष रूप से याची की कोई भूमिका नहीं थी। कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए बागपत की जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुमन गौतम के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए सरकार से दो हफ्ते में पूरी जानकारी तलब की है।

### नरेंद्र गिरि मौत के मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में पेश हुए महंत रविंद्र पुरी, अमर गिरि की नहीं हुई गवाही**

**प्रयागराज।** बाघंबरी गद्दी मठ व श्री बड़े हनुमानजी मंदिर के महंत रहे नरेंद्र गिरि आत्महत्या के मामले में आज शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी भी आज कोर्ट में पेश हुए।गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद मामले के वादी मुकदमा अमर गिरि कोर्ट में नहीं पेश हुए, जिससे उनकी गवाही नहीं हो सकी। कोर्ट ने महंत नरेंद्र गिरि की ओर से जारी किए गए आडियो टेप को तलब किया, ताकि आवाज से पहचान कराई जा सके। अब 6 फरवरी को सुनवाई होगी। **कोर्ट के आदेश पर भी नहीं गिरफ्तार कर सकी पुलिस :** अमर गिरि को गिरफ्तार कर कोर्ट में नहीं पेश कर पायी। पुलिस की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अमर गिरि के खिलाफ जारी एनपीडब्ल्यू वारंट अभी तक तामील नहीं हो सका है। इस पर कोर्ट ने अभियोजन का पक्ष सुनने के बाद दूसरे गवाह के रूप में रविंद्र पुरी को समन भेजकर गवाही दर्ज कराने का आदेश दिया था। मुकदमे की सुनवाई पहले जिला जज संतोष राय की अदालत में चल रही थी लेकिन जिला जज ने मुकदमा अंतरित कर दिया था। अब अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रताप सिंह राना ने सुनवाई शुरू की है।

### बोट क्लब का होगा विस्तार, बनेंगे पांच स्विस कॉटेज, 10 करोड़ का डीपीआर तैयार

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की परियोजना के तहत बोट क्लब का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए बोट क्लब में एक अतिरिक्त तल भी बनेगा, जिसमें पांच स्विस कॉटेज (सुविधायुक्त कमरे) बनाए जाएंगे। पर्यटकों को ऐसी ही सुविधाएं देने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से लगभग 10 करोड़ रुपये का डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार किया गया है। इसकी स्वीकृति मिलते ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।नवंबर 2024 तक बोट क्लब के विस्तारीकरण का काम पूरा होना है।पीडीए महाकुंभ के दौरान देश-विदेश से आने वाले दर्शनार्थियों तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने की तैयारी में जुटा है। इसके लिए यमुना किनारे मौजूद बोट क्लब के सौंदर्यीकरण और विस्तारीकरण की योजना बनाई गई है। इसमें क्लब में पांच स्विस कॉटेज बनाने के साथ ही एक ओपेन एयर रेस्टोरेंट भी बनाया जाएगा। इसमें लोग यमुना की लहरों के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी ले सकेंगे। इसके अलावा रेस्टोरेंट में मनोरंजन के कई अन्य साधन भी मौजूद रहेंगे। बोट क्लब के घाट और जेटी का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। वहीं क्लब के आसपास मरम्मत भी होगी। पीडीए ने इसका खाका तैयार कर लिया है। माना जा रहा है कि एक माह में परियोजना को स्वीकृती मिल जाएगी।बोट क्लब की सूरत बदलने में पीडीए को नवंबर 2024 तक का समय लगेगा। ऐसे में महाकुंभ के दौरान लोग पवित्र संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाने के साथ ही बोट क्लब की सुविधाओं का भी आनंद ले सकेंगे।

**बोट क्लब में लगेंगे 16 कैमरे :** बोट क्लब की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां पर प्रवेश द्वार से लेकर कई अन्य स्थानों तक पर 16 कैमरे लगाए जाएंगे। पीडीए के अधिकारियों में मुताबिक एक माह में इन कैमरों को लगाने का काम पूरा कर लिया जायेगा। महाकुंभ 2025 परियोजना के तहत बोट क्लब का सौंदर्यीकरण और विस्तारीकरण होना है, जिसके लिए डीपीआर तैयार हो चुका है। इस काम को महाकुंभ से पहले पूरा करा लिया जाएगा।

- अजीत सिंह, सचिव, पीडीए।

## वृहद रोजगार मेले का आयोजन संपन्न



**प्रयागराज।** डॉ गणेश प्रसाद विधि महाविद्यालय में आज दिनाँक 02/02/2024 को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमे देश प्रदेश के करीब 15 प्रतिष्ठित कम्पनी ने प्रतिभाग किया जिसमे रोजगार के लिए क्षेत्र के लगभग 250 नवयुवकों एवं युवतियों ने अपना पंजीकरण कराया जिसमे उपस्थित कंपनियों के द्वारा लगभग 130 आवेदक का चयन किया गयो रोजगार मेले के मुख्य अतिथि गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी (सी डी ओ) प्रयागराज रहे एवम विशिष्ठ अतिथि अशोक कुमार परियोजना निदेशक रहे` उनके द्वारा ही रोजगार मेले का एवम ग्रामीण सेवा मंडल के कौशल विकास मिशन के तहत स्थापित नवीन प्रशिक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया गयो मेले में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा रोजगार के सृजन के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया और कहा की सरकार हर युवा के हाथ में रोजगार देने के लिए संकल्पित है` श्री अभिषेक शुक्ला , प्रबंधक कौशल विकास ने मेले में सरकार द्वारा चलाई जा रही रोजगार के लिए विभिन्न योजनाओ और कौशल विकाश के उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया` डॉ. गणेश प्रसाद विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक अखिलेश तिवारी जी ने मुख्य अतिथि और मुख्य विकास अधिकारी और आई हुयी सभी कम्पनी के प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया एव चयनित सभी आवेदकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## छात्राओं को टीचर ने क्लासरूम में पीटा तो कालेज जाकर अभिभावकों ने किया हंगामा




**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ नैनी चाका स्थित सीओडी के समीप बाल विकास इंटर कॉलेज में शुक्रवार को क्लास रूम में टीचर द्वारा छात्राओं को पीटने का एक मामला सामने आया है। देर शाम कॉलेज के बाहर अभिभावक और ग्रामीणों ने कॉलेज छात्राओं के पिटाई से नाराज होकर गेट के सामने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। भीड़ और हंगामा होता देख स्कूल प्रबंधन ने गेट पर ताला लगा दिया। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को किसी तरह समझाने का प्रयास किया। घंटो पंचायत के बाद स्कूल प्रबंधन ने अभिभावको के साथ समझौता कर मामले को रफा दफा कर दिया। जिसके बाद हंगामा शान्त हो गया। जानकारी के मुताबिक नैनी एफ सी आई रोड के समीप बाल विकास इंटर कालेज में शुक्रवार को विद्यालय के टीचर पर छात्राओं को पीटने का आरोप लगाने का मामला समाने आया। जहां कॉलेज के छात्राओ के परिजन काफी संख्या में स्कूल पहुंचकर हंगामा करने लगे। मामला तूल पकड़ा तो ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुट गयी। भीड़ देख कॉलेज के गेट को बंद करा दिया गया। इस दौरान कॉलेज के गेट पर जमकर हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोप लगाने वाले परिजनों को स्कूल प्रबंधन के साथ बैठाकर घंटो पंचायत की। काफी देर के बाद किसी तरह से अभिभावको और कालेज प्रबंधन के बीच समझौता हुआ और हंगामा शान्त कराया गया।

### महिला ने शास्त्री पुल से गंगा में लगाई छलांग

**झूंसी।** शास्त्री पुल से एक महिला अचानक गंगा में छलांग लगा दी। लोगो ने शोर मचाया तो नीचे मौजूद जल पुलिस के जवान मौके पर पहुचे और महिला को बचाया गया। शुक्रवार की रात 9 बजे के करीब एक महिला शास्त्री पुल पर घूम रही थी। वह और भी लोग थे जो पुल से माघ मेले का नजर ले रहे थे। तभी महिला ने पुल से गंगा में छलांग लगा दी। लोग शोर मचाने लगे। जल पुलिस मौके पर पहुची पीएसी के सिपाही आदित्य सिंह ने साहस का परिचय देते हुए पानी मे छलांग लगा कर महिला को बचा लिया। जिसे पुलिस को सौप दिया। महिला जौनपुर की है जिसने अपना नाम रेनू बताया। पारिवारिक कलह के चलते महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

### छात्रों से ज्ञापन लेने पहुंचे रजिस्ट्रार पर फेंकी स्याही, हमले का भी प्रयास

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में छात्र से मारपीट का कथित वीडियो वायरल होने के बाद परिसर में तनाव बढ़ गया है। लगातार चौथे दिन, बृहस्पतिवार को भी छात्रों का आंदोलन जारी रहा। लाइब्रेरी गेट के सामने धरने पर बैठे छात्रों से वार्ता करने और ज्ञापन लेने पहुंचे रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ला पर स्याही फेंक दी गई। रजिस्ट्रार ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है।छात्र सुबह 11.30 बजे से लाइब्रेरी गेट के सामने धरने पर बैठ गए थे। छात्र इस मांग पर अड़े थे कि चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह एवं असिस्टेंट प्रॉक्टर डॉ. अतुल नारायण सिंह को पद से हटाते हुए बर्खास्त किया जाए और इविवि के चौकी इंचार्ज को निलंबित किया जाए। छात्र पूरे दिन धरने पर बैठे रहे। शाम 4.30 बजे इविवि के रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ला छात्रों से ज्ञापन लेने और वार्ता करने पहुंचे।इस बीच भीड़ में से ही किसी ने रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ला के चेहरे और कपड़ों पर स्याही फेंक दी। रजिस्ट्रार के बगल में खड़े एक पुलिस अधिकारी पर भी स्याही के कुछ छींटे पड़ गए। स्याही फेंकने के बाद भीड़ में मौजूद छात्रों ने नारेबाजी शुरू कर दी और माहौल बिगड़ने लगा। पुलिस कर्मी भीड़ के बीच से रजिस्ट्रार को किसी तरह बाहर लेकर आए। रजिस्ट्रार की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि जब वह छात्रों से ज्ञापन लेने लाइब्रेरी गेट के पास पहुंचे तो धरने का नेतृत्व कर रहे अजय सिंह यादव, सत्यम कुशवाहा और शिवम सिंह के ललकारने पर एक व्यक्ति ने उन पर स्याही फेंक दी, जिसे प्रत्यक्षदर्शियों ने आयुष प्रियदर्शी के रूप में पहचाना। भीड़ में कुछ अज्ञात लोगों ने रजिस्ट्रार पर हमला करने का भी प्रयास किया।


## ग्राम पंचातय रैया देह माफी विकास खंड चायल - कौशाम्बी

**निविदा**

**महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 ग्राम पंचायत रैया देह माफी में निम्लिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया हैं । उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अर्न्तगत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामग्री की आवश्यकता है । संबन्धित फर्म जो डीआरडीए कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदादाता फर्म का टिन नंबर/जीएसटी नंबर फीड कराना होगा । निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 03.02.2024 से प्राप्त एवं 18.02.2024 तक निर्धारित शुल्क 200 रुपया ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किए जा सकते है । निविदा दिनांक 19.02.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जाएगें । निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा ।**

| क्रम सं0 | कार्यदाई संस्था | परियोजना का नाम | प्राक्कलित लागत | निविदा हेतु सामग्री की लागत | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत रैया देह माफी | शिव मन्दिर से लाल जी के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य | 283094 रुपए | 232658.03 रुपए | सामग्री प्राक्कतन के अनुसार |
| 02 | ग्राम पंचायत रैया देह माफी | काली रोड से राम औतार कुशवाहा के घर तक नाली व इण्टर लाकिंग कार्य | 253441 रुपए | 212561.10 रुपए | सामग्री प्राक्कतन के अनुसार |

प्रीतम सिंह
ग्रा0वि0अ0
ग्राम पंचायत रैया देह माफी
चायल - कौशाम्बी

मिठाई लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रैया देह माफी
चायल - कौशाम्बी

# बजट सत्र में पारित हो अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम वर्ना करेंगे संसद का घेराव

## रूरल बार एसोशिएसन ने अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश




कचहरी में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**प्रतापगढ़।** संसद के मौजूदा बजट सत्र में केन्द्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून पारित कराए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां जिला कचहरी में वकीलों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कचहरी में आमसभा कर अधिवक्ता की सुरक्षा का मुदृा जोरशोर से उठाया।

कचहरी में घूम घूम कर नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग के समर्थन में हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन डीएम कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी दलजीत सिंह को सौपा। इसके पहले आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में कौशाम्बी फतेहपुर होते हुए अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा यहां पहुंची। यहां हुई आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को केन्द्र सरकार ने जल्द पारित न कराया तो चरणबद्ध आंदोलन के तहत दिल्ली में रूरल बार एसोशिएसन संसद भवन का घेराव करेगा। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं पर जगह जगह प्राणघातक हमले हो रहे है। कोर्ट परिसरो में भी कई अधिवक्ताओं की हत्याओं की घटनाएं भी हो चुकी है। यूपी सरकार जिस एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट की बात कर रही है उसे इस एक्ट का मसौदा वकीलों के बीच में सार्वजनिक करना चाहिए। वहीं श्री ज्ञानप्रकाश ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में केन्द्र सरकार के प्रस्तुत हुए बजट में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए अलग से बजट का अंश निर्धारित नही कराया जा सका। उन्होने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में भी विधानमण्डल का बजट सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में यूपी सरकार भी इस कानून के समर्थन में विधानसभा में संकल्प प्रस्ताव लाये। एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ उनसे जुडी सुविधाओं को लेकर भी सरकारों का रवैया अत्यन्त निराशाजनक है। जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए स्वतंत्र न्यायिक वातावरण की मजबूती के लिए अपरिहार्य है। अध्यक्षता करते हुए रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले के सभी अधिवक्ता इस मांग को लेकर पूरा समर्थन और संघर्ष में जोरदार भूमिका निभाएंगे। आमसभा का संचालन एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। आमसभा को प्रशान्त दुबे, पूर्व महामंत्री विवेक शुक्ल, राममूर्ति प्रजापति, हरिशंकरपुरी, प्रदीप चतुर्वेदी, सुशील प्रताप सिंह, संदीप उपाध्याय आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर दीपक पाण्डेय, दीपेन्द्र मिश्र, आनंदमोहन शुक्ल, अंजनी कुमार राय, बागीश मिश्र, उमेशचंद्र मिश्र, रामकृष्ण, मनीष प्रताप सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, अनूप कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार, राजेश मिश्र आदि रहे।

# नगर पालिका के अभियान में दो दिनों में पकड़े गये 80 छुट्टा पशु

## पकड़े गये छुट्टा पशुओं में दस बराछा स्थित गोशाला व शेष को अन्य गोशालाओं में भेजा गया

अखंड भारत संदेश



छुट्टा पशुओं को गाड़ी में लादते नगर पालिका कर्मी।

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने दो दिनों के बीच छुट्टा पशुओं के विरुद्ध अभियान चलाकर धरपकड़ कर रही है जिससे घरेलू पशुधारकों में इस अभियान से हड़कंप मचा हुआ है जो अपने पशुओं को दिन में भी छोड़ देते हैं।

कल गुरुवार को आज शुक्रवार को नगर पालिका के इस अभियान में राजकीय इंटर कालेज मैदान, हादीहाल मैदान व चैक घंटाघर से 80 पशुओं को पकड़ने की खबर है। इन पकड़े गये पशुओं में 10 छुट्टा पशुओं को बराछा स्थित गोशाला में तथा शेष अन्य पशुओं को अन्य गोशालाओं में भेजा गया है।

इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये छुट्टा पशुओं के स्वामी इसे जुमार्ना अदा कर वापस ले जा पाते हैं और लावारिस छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में रखा जाता है। शासन व जिलाधिकारी संजीव रंजन के कडे.निर्देश व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के संरक्षण में नगर पालिका को छुट्टा पशुओं की धरपकड़ का अभियान तेजी से चल रहा है। बता दें कि ये छुट्टा पशु ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों को चरकर उसे बर्बाद कर रहे हैं, वहीं शहर में प्रायः यह बीच सड़क पर आपस में लड़कर इधर-उधर भागते हैं जिससे आए दिन दुर्घटना भी होती रहती है। बताया गया कि नगर पालिका का यह अभियान अभी आगे भी चलता रहेगा।

## युवती ने फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के गौरही ओरीपुर नौगीर गांव में युवती ने शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से घर के अंदर आत्महत्या कर ली। गांव के संतराम वर्मा की पुत्री रेशमा वर्मा 19 दोपहर दो बजे घर के अंदर कमरे में गयी। उसने छत के चुल्ले में साडी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। थोड़ी देर में परिवार के एक आठ वर्षीय बच्चे ने रेशमा को फंदे से झूलता देखा तो चीखने चिल्लाने लगा। युवती की मौत की जानकारी पर परिजन बिलखने लगे। सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटी हुई है।

## हत्या करने की इरादे से घर में घुसा युवक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हत्या करने की इरादे से युवक घर में घुसा लेकिन सुबह घर से बाहर निकल गया पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव का दीपक तिवारी पुत्र गंगा प्रसाद ने बताया कि उसका पड़ोसी रात को उसके घर में घुस आया और सुबह घर से बाहर निकल गया उसके घुसने और अंदर रहने का सबूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया पीड़ित ने अपनी हत्या की आशंका जलते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

## घर में घुसकर पड़ोसी ने किया हमला

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिला के ऊपर पड़ोसी ने घर में घुसकर हमला कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के पट्टी खास की रहने वाली फूला देवी पत्नी जोखू राम ने बताया कि वह बीती रात अपने कमरे में सो रही थी तभी गांव का एक व्यक्ति अपने पांच साथियों के साथ पहुंचा और अंदर घुस गया तथा तीन हजार रुपए नगदी ले लिया आहट से महिला तथा उसके पति की आंख खुल गई चिल्लाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दिया।

## जिला पंचायत सदस्य पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पीड़ित युवती की तहरीर पर सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पर पट्टी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि सपा नेता ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भ रुकने पर उसका गर्भपात कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस दबिश दे रही है।

## देशी बम व फर्जी नंबर प्लेट के साथ पिकप बोलेरो चालक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेवली सलवन मार्ग पर कुसुवापुर के पास शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान सामने से आ रही पिकप बोलेरो गाडी को रोक कर कागज की जाँच पड़ताल किया तो गाडी का नम्बर प्लेट कागजात मे नही था जिसे फर्जी नम्बर प्लेट जाँच मे पाया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें दो देशी बम बरामद किया चालक व गाडी को कब्जे मे लेकर थाने ले गये, जहां आरोपित चालक धर्मचंद्र पुत्र शिवराज निवासी खालिसपुर थाना मिरजा मुराद वाराणसी के खिलाफ फर्जी नम्बर प्लेट व दो देशी बम बरामदगी के साथ मुकदमा दर्ज किया।

## मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर गुनई शुकुलपुर गांव में पीडित को मारने पीटने व जानलेवा धमकी को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। गांव के बृजकिशोर शुक्ला के पुत्र देवेन्द्र कुमार शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही प्रधान देवेन्द्र उर्फ भोले शुक्ला, मनीष शुक्ला पुत्रगण शिवशंकर शुक्ला तथा दिनेश शुक्ला के पुत्र विपिन व अवधेश के पुत्र अनुज कुमार ने एकराय होकर उसे लाठी डण्डे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## महिला की हत्या को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस, हुआ अन्तिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने महिला की हत्या को लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के पूरे जोधीराम तिवारी बूबूपुर निवासी रामभरोस के पुत्र रामेश्वर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्तीस जनवरी को शाम पांच बजे उसकी पत्नी सीता वर्मा खेत में घांस काटने गयी थी।

अज्ञात आरोपियो द्वारा धारदार हथियार से सीता के गले पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी। मृतका के पति का कहना है कि वह दिल्ली मे रहता है। पत्नी की हत्या की जानकारी उसे हुई तो वह घर पहुंचकर तहरीर दे रहा है। इधर गुरूवार को मृतका सीता वर्मा का शव पीएम के बाद देर शाम घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार को परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार गांव मे ही खेत में कर दिया। इधर घटना के तीसरे दिन भी पुलिस महिला की हत्या के मामले में एक कदम भी आगे नही बढ़ सकी है। मृतका के पति द्वारा अज्ञात के खिलाफ तहरीर से भी घटना के खुलासे को लेकर पुलिस का सिरदर्द और बढ़ गया है। पुलिस मृतका की पीएम रिपोर्ट पर भी मंथन पर लगी हुई है। हत्याकाण्ड को लेकर फोरेंसिक टीम ने भी घटना की तह तक जाने में माथापच्ची की थी। सीता वर्मा की हत्या को लेकर परिजन भी अचंभित दिख रहे हैं। वहीं गांव में भी साठ वर्षीया महिला की हत्या को लेकर संशय का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष विवेक का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। घटना के सभी बिंदुओं पर जांच जारी है, शीघ्र खुलासा होगा।

## आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चोरी से हरे पेड़ की कटाई को लेकर आरोपी के खिलाफ लीलापुर पुलिस ने वन अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक सदाशिव यादव फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे कि इस बीच सूचना मिली कि गहिरी गांव में तालाब के किनारे चोरी से आम के हरे पेड़ की कटाई हो रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग निकले। घटना की जांच कर पुलिस ने गहिरी बभनपुर निवासी बाबूलाल के पुत्र नन्द लाल वर्मा के खिलाफ वन अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

# ज्ञानवापी मामले को लेकर जिले की पुलिस रही हाई अलर्ट पर

## ड्रोन कैमरे से पुलिस ने की निगरानी

अखंड भारत संदेश



नगर में भ्रमण करती पुलिस टीम।

**प्रतापगढ़।** ज्ञानवापी मामले को लेकर जिले की पुलिस हाई अलर्ट पर रही। एसपी सतपाल अंतिल ने जुमे की नमाज को लेकर सतर्क दिखे। जिले में हर क्षेत्र की मस्जिद पर पुलिस की निगरानी रही। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी होती रही।

जेठवारा के डेरवा बाजार में अपर पुलिस अधीक्षक संजय रॉय के साथ एसओ धर्मेंद्र सिंह ने फ्लैग मार्च किया। कन्धई थाना क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश सिंह ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। बता दें कि ज्ञानवापी फैसले को लेकर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन को मुस्तैद देखा गया। एसडीएम तथा सीओ और लालगंज सर्किल के थानाध्यक्षों ने भारी फोर्स के साथ धार्मिक स्थलों का दौरा कर शांति व्यवस्था की ताकीद की। वहीं मस्जिदों पर एहतियातन पुलिस बल को भी मुस्तैद देखा गया। एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने लालगंज थाने के खालसा सादात, जलेसरगंज, खानापटटी, लीलापुर थाने के बाबूगंज, सगरा सुंदरपुर तथा उदयपुर थाना के मसनी, कुम्भीआइमा, रानीगंज कैथौला में भ्रमण कर शांति और व्यवस्था के प्रबन्धों का जायजा लिया। एसडीएम तथा सीओ ने लोगों से मुलाकात कर आपसी सौहार्द बनाए रखने को कहा। सीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह अथवा सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। वही लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित ने भी भारी फोर्स के साथ कोतवाली क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था की ताकीद की। हालांकि लालगंज सर्किल क्षेत्र में पूरे दिन माहौल सामान्य दिखा।

# पत्रकारों का उत्पीड़न नही किया जाएगा बर्दाश्तः लोकेश मिश्रा

## इंडियन प्रेस काउंसिल के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर जताया विरोध, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के थाना मानिकपुर के शाहाबाद उत्तरी निवासी सुजीत मिश्रा एक निजी न्यूज चैनल के पत्रकार व इंडियन प्रेस काउंसिल के सदस्य है। बीते 24 जनवरी को वह घर पर मौजूद थे तभी जमीन के विवाद में पड़ोस के दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मार पीट की थी। मामले में सुजीत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपित पत्रकार सुजीत मिश्रा को धमकी देने लगे थे। 30 जनवरी को सुजीत मानिकपुर चैराहे से घर की तरफ जा रहे थे तभी हामिदशाह दरगाह के समीप उक्त दबंगों ने पत्रकार सुजीत को रोक कर हमला कर दिया और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। मामले की सूचना सुजीत ने पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया जिसकी जानकारी जब इंडियन प्रेस काउंसिल के पदाधिकारियों को हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया। इंडियन प्रेस काउंसिल के संस्थापक वीसी मिश्रा के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष लोकेश मिश्रा व महामंत्री शिवराम गिरि की अगुवाई में अजय मिश्रा, कुलदीप कुमार, दिलीप साहू, डीएन मिश्रा, अंकुश यादव, दिनेश पाल, संदीप साहू, राहुल यादव, सुभाष सोनकर समेत दर्जनों पदाधिकारी मानिकपुर थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया जिस पर थानाध्यक्ष जयचंद्र भारती ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# आयुर्वैदिक चिकित्सक के घर लाखो की चोरी

## नगदी जेवरात सहित लाखो की चोरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरम कालोनी मे बीती रात को अज्ञात चोरो द्वारा आयुर्वैदिक चिकित्सक के घर मे कमरे का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखो के जेवरात चुरा ले जाने का मामला संज्ञान में आया। घटना की जानकारी मिलते कालोनी मे हड़कंप मच गया।बताया जाता है कि रामचंद्र सिंह पुत्र रमेश कुमार सिंह चुनार मिजार्पुर के निवासी है जो राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय हीरागंज मे चिकित्साप्रभारी के पद पर कार्यरत कि जो शिवपुरम कालोनी मे रमेश सिंह के मकान मे किराये पर कमरा लेकर परिवार सहित रहते है। 31 जनवरी 24 को चिकित्सक अपने पिता को लेने के लिए घर के कमरे व गेट पर ताला बन्द करके चले गये कि वापस 1 फरवरी 2024 की शाम लगभग 5 बजे घर के गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो सभी कमरे का ताला टूटा था और कमरे मे दीवान अटैची बैग मे रखा 20 हजार रुपया नगदी व घर के पत्नी व माता के सारे जेवर गायब थे जिसकी कीमत 10 लाख बताई जा रही है। घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देर शाम पीड़ित चिकित्सक ने दी पुलिस तहरीर मिलते ही जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है। घटना को लेकर कालोनी मे हड़कंप मचा हुआ है।

## अनियंत्रित आटो पलटने से दो यात्री हुए चुटहिल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नेशनल हाइवे पर नीलगाय को बचाने के प्रयास में आटो वाहन गुरूवार की शाम अनियंत्रित होकर पलटा खा गयी। दुर्घटना में दो यात्रियों को चोटें भी आयी हैं। प्रतापगढ़ शहर से लालगंज की तरफ सवारी लेकर टेम्पो वाहन निकला था। अभी अचानक लीलापुर पेट्रोल पम्प के समीप हाइवे पर नीलगाय आ गया। नीलगाय को बचाने के प्रयास में आटो अनियंत्रित होकर पलटा खा गया। दुर्घटना में तुलापुर निवासी गंगाराम विश्वकर्मा 40 व लोका का पुरवा मोहनगंज रामदुलारी 38 को चोटें आ गयीं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए भेजवाया।

# दीवानी न्यायालय सभागार में सेंट्रल नाजिर को दी गई विदाई

## कर्मचारियों ने किया विदाई समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दीवानी न्यायालय में कार्यरत सेंट्रल नाजिर मोहम्मद अली के सेवानिवृत्त पर दीवानी न्यायालय के सभागार में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर लोगों ने कहा कि यह समय सभी कर्मचारियों का आता है, परन्तु अपने कर्म और लोगों के किये गये सहयोग से कर्मचारी अपना अमिट पहचान स्थापित करता है।

इस मौके पर जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने सेंट्रल नाजिर मोहम्मद अली को विदाई देते हुए कुरान व अंगवस्त्राम भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि सेवानिवृत सरकारी सेवक की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। जिससे सभी सरकारी सेवकों को गुजरना पड़ता है। इस मौके पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह व अध्यक्ष बृजेंद्र धर द्विवेदी पिंटू सहित अन्य न्यायिक कर्मचारियों ने मोहम्मद अली के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवानिवृत मोहम्मद अली एक कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी सरल स्वभाव के व्यक्ति है, जिनका बिछुड़ना हम सभी न्यायालय कर्मचारियों के लिए दुखदायी है। लोगों ने कहा कि इनके साथ बिताये गये समय के यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपके द्वारा दी गई सेवाएं अन्य के लिए प्रेरणा दायक रहेगा।



सेंट्रल नाजिर मोहम्मद अली को सम्मानित करते अतिथि।

इस मौके पर सेवानिवृत मोहम्मद अली को सामूहिक रूप से उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद मिन्नत उल्ला सुहैल ने किया। अंत में सेवानिवृत्त मोहम्मद अली ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों में प्रमुख रूप से अपर सत्र नयायाधीश नंद प्रताप ओझा, हरविंदर सिंह, आलोक द्विवेदी स्नेह लता, सुमित पवार, नीरज बरनवाल, नीरज त्रिपाठी, सुमित कुमार, वरूण कौशिक, सीजेएम प्रदीप शुक्ल के साथ न्यायिक कर्मचारियों में प्रमुख रूप से संदीप सिंह, सूर्य प्रकाश पांडेय, जितेंद्र मिश्र, सुशील, नितिन त्रिपाठी, विनोद सरोज, अरुण सिंह, मोहित मिश्र, रजनीश मिश्र, राहुल, आकाश, अजय, अभिनव सिंह, सुनील पाण्डेय, अनिल पाल, संतोष सिंह, योगेन्द्र, मुकेश महेंद्र, सुरेन्द्र, सुभाष, अनुज सहित आदि दीवानी न्यायालय के कर्मचारी गणों की मौजूदगी रही।

# तड़प रही विदेशी पक्षी के जान को ग्रामीणों ने बचाया

अखंड भारत संदेश



विदेशी पक्षी के पैर में फंसे धागा को निकालते लोग।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के महोखरी गांव के तालाब में एक विदेशी पक्षी के शरीर में धागा फस जाने के कारण वह तालाब में तड़प रही थी। इसी बीच ग्रामीणों की निगाह विदेशी पक्षी पर पड़ी और उसे तड़पता देखकर लोग हैरान परेशान हो उठे। और ग्रामीण किसी तरह तालाब में घुसकर उसके पास पहुंचे तो उसके पैर और पंख में धागा फस गया था।

जिससे वह उड़ नहीं पा रही थी और उसका जीवन भारी संकट में पड़ गया था। गांव के ज्ञान दर्शन पाठक, चक्रवर्ती पाठक, सौरव पाठक ने विदेशी पक्षी के पैर और पंख से धागे को काटकर निकला तब वह होश में आई, और उसके घाव पर मरहम लगाया गया, आराम मिलते ही विदेशी पक्षी हवा में उड़ कर अपने गंतव्य को चली गई। ग्रामीणों के पक्षी के जीवन बचाने पर सभी तहे दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### प्राविधिक शिक्षा मंत्री कौशाम्बी में आज मां शीतला अतिथि गृह में करेंगे रात्रि विश्राम

**कौशाम्बी।** यूपी के प्राविधिक शिक्षा एवम उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल कौशाम्बी में आज आयेंगे,आशीष पटेल प्रयागराज से कार द्वारा सिराथू के मां शीतला अतिथि गृह सयारा में देर रात 11.15 बजे पहुचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री आशीष पटेल सुबह 7.00 बजे कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो जायेंगे।

### 4 फरवरी को आएंगे स्वामी प्रसाद मौर्य

**कौशांबी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम 4 फरवरी रविवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड समाजवादी पार्टी कार्यालय के बगल में पड़े मैदान में राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे इस कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश हाई कोर्ट वीडी नकवी इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉक्टर विक्रम हरिजन डॉ संजय कुमार एमएलसी मानसिंह यादव मानसिंह पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश बौद्ध ने दी है।

# ज्ञानवापी मामले को लेकर एलर्ट मोड में कौशाम्बी पुलिस

## एडीजी जोन पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे मूरतगंज,मस्जिद के पास जांची सुरक्षा





अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ज्ञानवापी प्रकरण और जुमें की नमाज के दृष्टिगत शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की जांच करने एडीजी जोन प्रयागराज शुक्रवार को मूरतगंज पहुंचे और मस्जिद के बाहर सुरक्षा का जायजा लिया।प्रयागराज जोन एडीजी आईपीएस भानु भास्कर ने मस्जिद के बाहर लगी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत जानी।इस दौरान उन्होंने मस्जिद के बाहर लोगो से जानकारी ली एवम मस्जिद के बाहर बैठे हुए बच्चो को बिस्किट भी बांटे। ज्ञानवापी प्रकरण और जुमें की नमाज के दृष्टिगत शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवम एएसपी अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ जनपद में कस्बा संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया।एसपी,एएसपी ने जनपद के मंझनपुर,सराय अकिल, करारी, भरवारी, कड़ा धाम आदि विभिन्न क्षेत्रों, कस्बों एवम ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया तथा आमजनमानस से शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

## चायल सीओ एवम थाना प्रभारी सराय अकिल ने किया फ्लैग मार्च



**कौशाम्बी।** चायल सी ओ एवम थाना प्रभारी सराय अकिल विनीत सिंह ने ज्ञानवापी के फैसले को लेकर फ्लैग मार्च किया एह फ्लैग मार्च थाना सराय अकिल से शुरू हो कर आदर्श इण्टर कालेज के सामने से गुजरते हुए फकीराबाद हनुमान मंदिर से गांव के अंदर बनी मस्जिद के पास से हो कर वापस सराय अकिल कोतवाली में समाप्त किया गया थाना प्रभारी विनीत सिंह ने मस्जिद के पास पहुंच कर लोगो से बातचीत कर शांति-ब्वस्था बनाए रखने की अपील किया थाना प्रभारी विनीत सिंह ने कहा आप लोग अफवाह पर ध्यान न दे असुविधा होने पर अराजक तत्वों के लोगो की जानकारी पुलिस को तुरंत दे पुलिस अराजक तत्वों पर कठोर करवाई करेगी अगर किसी प्रकार की आप लोगो को शंका होती है तो तत्काल थाने को सूचित करे इस दौरान सीओ चायल थाना प्रभारी सराय अकिल विनीत सिंह एवम दर्जनों पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।



### ज्ञानवापी फैसले को लेकर नारा चौकी इंचार्ज ने किया फ्लेग मार्च

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के नारा चौकी इंचार्ज हनुमान प्रताप सिंह ने ज्ञानवापी फैसले को लेकर अपने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की और उनसे बातचीत किया वह जुमें की नमाज के बाद खरौआ कुआं के मस्जिद एक मिनारा मस्जिद होते हुए मदीना मस्जिद और शहीदाबाद की मस्जिद पहुंचकर और अन्य लोगों से बातचीत की व लोगों से अपील की कि अफवाओं पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर अराजक तत्वों की जानकारी पुलिस को दें शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जिससे कि क्षेत्र में शांति व्यवस्थाएं बनी रहे।

# मेले में लगभग 3 लाख रुपए के सिक्के एवं मुद्रा नोट बदले गए

**कौशाम्बी।** भारत के सार्वजनिक बैंकों में अग्रणी बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज-क्षेत्र द्वारा 'आदत बदलो नोट बदलो' की थीम के साथ जनता के बीच सिक्कों के प्रचलन को बढ़ावा देने और भारतीय रिजर्व बैंक के क्लीन नोट पॉलिसी के तहत गंदे/कटे-फटे नोटों को बदलने की सच्ची भावना के उद्देश्य के मद्देनजर दिनांक 01.02.2024 को सुबह 10:30 बजे खुल्दाबाद करेंसी चेस्ट के सौजन्य से दो जिलो प्रयागराज शहर के जॉर्ज टाउन इलाके, करछना तहसील और जसरा मे तथा कौशाम्बी जिले के विकास भवन, मंझनपुर से होते हुए अजुहा बाजार के रास्ते सिराथु तक चलयमान/गतिशील वैन के जरिए ह्यसिक्का विनिमय मेलाह्न का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ प्रयागराज-क्क्र क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख भारत भूषण व भारतीय रिजर्व बैंक के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। ह्यसिक्का विनिमय मेलाह्न में प्रयागराज-क्क्र क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय से वरिष्ठ प्रबन्धक नीरज सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा खुल्दाबाद शाखा के मुख्य शाखा प्रमुख श्री अजय कुमार, जॉर्ज टाउन शाखा के मुख्य शाखा प्रबन्धक श्री अमितेश कुमार अमर उपस्थित रहे वहीं विकास भवन, मंझनपुर में अग्रणी जिला प्रबन्धक जितेंद्र कुमार चौधरी, बैंक ऑफ बड़ौदा मंझनपुर के शाखा प्रबन्धक महेंद्र कुमार तथा प्रयागराज जॉर्ज टाउन, मंझनपुर, अजुहा बाजार एवं सिराथु की जनता एवं अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इस मेले में जॉर्ज टाउन, मंझनपुर, अजुहा बाजार एवं सिराथु की जनता ने इस चलयमान/गतिशील वैन के जरिए लगभग रू. 3 लाख के सिक्के एवं मुद्रा नोटों का विनिमय किए।

बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज- क्षेत्र द्वारा सिक्का एवं मुद्रा नोट विनिमय मेला का आयोजन जनता के बीच सिक्कों के प्रचलन को बढ़ावा देने के मद्देनजर




### किसान भाई अनुदान पर सोलर पम्प के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना अन्तर्गत जनपद में सिंचाई की समस्या से जूझ रहे किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा पुनः वर्ष 2023-24 में मामूली कीमत पर सोलर पम्प उपलब्ध कराया जायेंगा। शासन की ओर से जिले को 205 सोलर पम्प आवंटित हुए हैं। इसका लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्रदान किया जायेंगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए अवगत कराया कि दिनांक अनुदान पर सोलर पंप के लिए ऑनलाइन 16 जनवरी 2024 से प्रारम्भ है, लक्ष्य की समाप्ति तक किसान भाई विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकतें हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म करनें के एक सप्ताह के अन्दर कृषकों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करना होगा, अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेंगा एवं टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेंगी।

# जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में दिनांक 01 फरवरी से 10 मार्च 2024 तक धारा-144 लागू

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी, शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। ज्ञानवापी परिसर में पूजा के सम्बन्ध में तथा 11 फरवरी को समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा-2023, दिनांक 09 फरवरी को मौनी अमावस्या, 14 फरवरी को बसन्त पंचमी, 17 एवं 18 फरवरी को उ0प्र0 पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन, 24 फरवरी को संत रविदास जयन्ती, 26 फरवरी को शबे-बारात एवं 08 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि आदि पर्वो को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाना है। उन्होंने बताया कि आसन्न राजनैतिक गतिविधियों के चलते यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकतें हैं, जिसके चलते लोक परिशान्ति/लोक व्यवस्था व विधि व्यवस्था एवं जनसुरक्षा प्रभावित हो सकतीं हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा व बल्बा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था व लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम करने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी किया है।

## न्यूज झरोखा

### जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण चतुर्थ दिन भी संपन्न हुआ



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा में 2 फरवरी को पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम चतुर्थ दिन भी संपन्न किया गया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष देशराज जयसवाल ने पी एम विश्वकर्मा योजना से संबंधित तथा विभिन्न विभाग के योजनाओं के बारे में बहुत सारी जानकारी दी उक्त प्रशिक्षण में लीड बैंक अधिकारी बैंक आफ बडौदा जितेंद्र कुमार ने बैंक से संबंधित लोन के बारे में ब्याज के बारे में एफ डी के बारे में तथा बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की इसी क्रम में आर सेटी बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक श्रवण कुमार एवं सहायक लीड बैंक अधिकारी सुमित कुमार ने बैंकों से संबंधित पीएम विश्वकर्मा से संबंधित समस्त योजनाओं के बारे में बताया तथा जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद दिया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण का जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी राजू शुक्ला प्रशिक्षिका स्वाती मिश्रा रेखा देवी आदि 42 प्रशिक्षार्थी पी एम विश्वकर्मा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### यशआरटीसी लिखी सफेद बोलेरो के हूटर के आतंक से लोग परेशान

**कौशाम्बी।** वाहनों में हूटर लगाने का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है हूटर कहां बजाना है और कहां नहीं बजाना है इस बात से वाहन चालक का कोई लेना देना नहीं रहता है भीड़भाड़ वाले स्थान में बिना मतलब के हूटर बजाकर वाहन चालकों द्वारा भौकाल बनाया जाता है इन अधिकारियों को हूटर लगाने का निर्देश शासन ने दिया है या नहीं दिया है इस बात की भी इन वाहन चालकों को तनिक भी फिक्र नहीं है ताजा मामला शुक्रवार को दोपहर बाद 3 बजे मंझनपुर मुख्यालय के चौराहे से तहसील रोड पर देखा गया एक महिला अधिकारी को लेकर जाने वाले एसआर टीसी लिखे बोलेरो वाहन के चालक द्वारा बाजार के पूरा रास्ता हूटर बजता रहा भीड़ के बीच अफरा तफरी मच गई।

### भरवारी में नवागत ईओ राम सिंह ने लिया चार्ज

**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी में नवागत ईओ राम सिंह ने चार्ज ले लिया है,ईओ राम सिंह की प्राथमिकता में सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाना और जनता की समस्याओं का निस्तारण शामिल है।नगर पालिका परिषद भरवारी में शासन द्वारा भेजे गए ईओ राम सिंह ने चार्ज ले लिया है।ईओ राम सिंह ने नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर अपना कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए चार्ज लिया और शासन मंडलायुक्त,डीएम को इसकी सूचना प्रेषित कर दी है।ईओ राम सिंह ने बताया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण एवम शासन और सरकार की सभी योजनाओं को उनके पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

### चार दिन के बीच दो बाइक चोरी

**महेवाघाट कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी अषाढा और उसके आसपास चोर गिरोह की सक्रियता बढ़ गई है चार दिनों के बीच बाइक चोरों ने दो बाइक चोरी कर ली है पुलिस खाना पूर्ति तक सीमित है लगातार बाइक चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है बताया जाता है कि अषाढा निवासी हाशिम की बाइक उनके घर के बरामदे में खड़ी थी 29 जनवरी की रात चोर बाइक उठा ले गए हैं करारी के अरसालन सादिक 1 फरवरी को सादुल्लापुर बारात में गए थे जैसे ही वह खाना खाकर वापस निकले उनकी बाइक गायब थी दोनों पीड़ितों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है लेकिन एक भी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

### पुस्तैनी कब्रिस्तानों को खोदकर सैकड़ों ट्राली मिट्टी बेचा

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर एक राम विश्राम नगर में बीती रात जेसीबी माफिया ने पुस्तैनी कब्रिस्तानों की खुदाई करके रातों रात सैकड़ों ट्राली मिट्टी बेच दिया है। राम विश्राम नगर के लोगों को सुबह जानकारी हुई तो सैकड़ों लोग जेसीबी माफिया के विरुद्ध स्थानीय थाना चरवा में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए जेसीबी माफिया के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है। ग्रामीणों ने जेसीबी माफिया के विरुद्ध आरोप लगाया है कि हमारे पूर्वजों की कब्रिस्तान को लगभग 6 फिट गहरी खुदाई करके चोरी से सैकड़ों ट्राली मिट्टी बेच डाला है। गहरी खुदाई होने से छोटे - छोटे बच्चों का पूरी तरह से डर बना हुआ है कि किसी भी समय किसी भी प्रकार कि अप्रिय घटना घटित न हो जाय। जेसीबी माफिया के विरुद्ध ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### गरीब ब्राम्हण परिवार से मिले अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के पदाधिकारी

**कौशांबी** अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद कौशाम्बी के सामने दाई का पूरा गांव का एक मामला आया जिसमे एक अत्यन्त गरीब ब्राम्हण परिवार मिश्री लाल पाण्डेय पुत्र जय नारायण पांडेय जिनके पिता का स्वर्गवास हो चुका है उनकी माता सूरज बाई जिनको पालिस मार दी है यह भूमिहीन है यह मजदूरी कर के किसी तरह जीवन यापन कर रहे थे लेकिन माँ को पालिस मारने की वजह से मिश्री लाल पांडे अपने गांव में दूसरे के घर पर ही रहते है यह जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कौशाम्बी के जिला प्रमुख अजय मिश्रा को हुई वह मौके पर गए उन्होंने देखा कि पाण्डेय परिवार की माँ के इलाज इलाज के लिए कोई पैसा नहीं है गरीब परिवार गरीबी से जूझते हुए अपना जीवन यापन कर रहा है तो अजय कुमार मिश्रा ने बेरोजगार लड़के को रोजगार से जोड़ने का आश्वासन देते हुए गरीब ब्राम्हण की मदद का भरोषा दिया उन्होंने कहा कि आपकी हर संभव मदद की जाएगी गरीब परिवार के पास घर बनाने के लिए जमीन नही है और न ही कमाने का कोई साधन है सरकार की तरफ से कोई सहयता भी नहीं मिल रही है।

### जेठ जेठानी ने मिलकर महिला को बेरहमी से पीटा रिपोर्ट दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के बहादुर पुर गांव का की एक महिला को उसके ही जेठ जेठानी ने मिलकर बेरहमी से मारपीट दिया जिसकी लिखित शिकायत महिला ने चरवा थाना पुलिस को दी। जानकारी के मुताबिक बहादुर पुर गांव की रहने वाली अंगीता देवी पत्नी हंसराज ने लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी 3 बाल्टी कोई उठा ले गया था तो उसी बारे में कह रही थी इतने में अंगीता देवी का जेठ देशराज व जेठानी रूपा एकराय होकर अंगीता को गाली गलौज करने लगे गाली का विरोध करने पर उक्त दोनों ने मिलकर अंगीता देवी को बाल पकड़कर पटक पटक कर लात घूसा से मारा पीटा जब अंगीता देवी चिल्लाई तो लोगो के आ जाने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। सूचना पाकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# बेशर्मी की हद : सामुदायिक शौचालय सिकन्दरपुर बजहा में बंद है ताला!

**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सिकन्दरपुर बजहा के सामुदायिक शौचालय में 4 महीने से ताला बंद कर दिया गया है अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब अधिकारियों ने जिले को खुले में शौच मुक्त ओडीएफ घोषित कर शासन को रिपोर्ट भेज दिया है दूसरी तरफ सामुदायिक शौचालय में ताला बंद कर दिए जाने से खुले में मलमूत्र त्याग करने को लोग मजबूर हो रहे हैं जिम्मेदारों के दोहरे चरित्र में बेशर्मी की हद हो गई है एक तरफ सूबे के मुखिया स्वच्छता अभियान चला कर गांव गांव साफ सफाई पर जोर दे रहे हैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता अभियान के अंतर्गत करोड़ो का बजट खर्च कर साफ सफाई अभियान को जोर दे रहे हैं दूसरी तरफ ग्राम प्रधान व पंचायत सेक्रेटरी मिलकर स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियाँ उड़ा रहे है ग्रामीणों का कहना है कि 4 माह से इस सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पड़ा है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक शौचालय का सेफ्टी टैंक 4 महीना से पहले से फुल हो चुका है जानकारी होने के बाद भी पंचायत विभाग के जिम्मेदारों द्वारा उसको खाली नहीं कराया गया है जिससे सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा है और अपनी कमियों को छिपाने के लिए जिम्मेदारों ने शौचालय में ताला बंद कर दिया है जिससे खुले में शौच मुक्त घोषित करना बकवास साबित हो रहा है सडक चौराहे के लोगों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है सामुदायिक शौचालय में ताला बंद कर दिए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में अभी तक अधिकारियों ने मामले को संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्यवाही नहीं की है सामुदायिक शौचालय में ताला बंद कर दिए जाने के इस मामले को अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर जांच कराई तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई होना तय है लेकिन इस गंभीर मामले में अभी तक खंड विकास अधिकारी मूरतगंज और एडीओ पंचायत में मामले को गंभीरता से लेकर दोषियों को दंडित नहीं किया है।

### कैसे घोषित कर दिया जिला ओडीएफ जब खुले में लोग कर रहे है मलमूत्र त्याग



# सिपाह में सीडीओ ने सुनीं ग्रामवासियों की समस्याएं

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड-कड़ा की ग्राम-पंचायत सिपाह में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओ को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों को पशुपालन, आईसीडीएस, समाज कल्याण एवं खाद्य व रसद विभाग सहित अन्य सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। ग्राम चौपाल में राजस्व से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई, परन्तु राजस्व विभाग के कानून-गो व लेखपाल के अनुपस्थित होने के कारण त्वरित निस्तारण नहीं हों सका, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित लेखपाल का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल में सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग एवं जल निगम से सहायक अभियन्ता अथवा अवर अभियन्ता के अनुपस्थित होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित विभागों के कार्यालध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दियें है। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सागर, खण्ड विकास अधिकारी कडा श्री दिनेश चन्द्र, पशुचिकित्साधिकारी कडा, अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कड़ा, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी(स./क.), पूर्ति निरीक्षक एवं ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।



# महेवा घाट कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित

**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवा घाट कोतवाली परिसर में वृहस्पतिवार को ज्ञानवापी फैसले को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आने वाले फैसले का सम्मान करते हुए सौहार्द बनाए रखने के लिए महेवा घाट थाना अध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य ने संभ्रांत लोगों से अपील किया। कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए महेवा घाट थाना अध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य ने कहा कि ज्ञानवापी मामले में आने वाले कोर्ट के फैसले का सभी लोग सम्मान करें। आपसी सौहार्द रखें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भी अफवाहों का दौर है। उन्होंने कहा कि समाज की शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना डालने वालों व शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह है। अपराधी सिर्फ अपराधी होता है। चाहे वह जिस धर्म जाति से ताल्लुक रखता हो। उन्होंने सभी से शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील किया। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस शरारती तत्वों और संदिग्ध लोगों पर अपनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस मौके पर क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ गणमान्य मौजूद रहे।




### महीना बीते घटनाओं का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

**कौशाम्बी।** अपराधिक घटनाओं के घटित होने के बाद कौशाम्बी थाना पुलिस मामले के खुलासे में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ रही है ताजा मामला कौशांबी थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद का है 4 जनवरी की रात्रि शांति देवी पत्नी पुत्ती लाल के घर में सेंध करके अंदर घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर नगद जेवर सहित कई सामान उठा ले गए मामले की सूचना शांति देवी ने थाना पुलिस को दिया लेकिन पुलिस चोरी की घटना के खुलासे में आगे नहीं बढ़ सकी घटना को धीरे-धीरे 30 दिन बीत गए हैं लेकिन चोरी की घटना के खुलासा में थाना पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है जिससे थाना पुलिस की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है घटना का खुलासा न होने से पीड़ित शांति देवी 01 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर घटना का खुलासा कराए जाने माल को बरामद कराए जाने और चोरों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

# संगठित अपराध का अड्डा बना बरियावा पुलिस चौकी क्षेत्र

**कौशाम्बी।** चरवा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरियावा इन दिनों संगठित अपराध का अड्डा बन गया है इलाके में फलदार हरे पेड़ों की कटान तेजी से हो रही है शराब की दर्जनों भट्ठी इलाके में धधक रही है भट्ठी की शराब पीकर लोग उत्पात भी मचाते हैं जुए के अड्डे बेखौफ तरीके से संचालित हो रहे हैं पेशेवर जुआरी जुआ के खेल में मस्त है और चौकी पुलिस अनजान बनने की कोशिश कर रही है।

इतना ही नहीं अत्यंत जलनशील पदार्थ पेट्रोल भी पुलिस चौकी और उसके आसपास खुलेआम बेचा जा रहा है जबकि पेट्रोल पंप में बोतल गैलन टँकी में पेट्रोल देने पर पुलिस अधीक्षक ने रोक लगाई थी लेकिन उसके बाद भी खुली दुकानों से खुलेआम पेट्रोल की बिक्री की जा रही हैं जिससे पेट्रोल के दुरुपयोग की संभावना बनी रहती है किस पेट्रोल पंप से गैलन और टैंक वा टंकी में पेट्रोल मिलता है यह भी जांच का विषय है। पेट्रोल की बिक्री के बाद कोई हादसा हुआ तो इसका जवाब देह कौन होगा इस पुलिस चौकी क्षेत्र में दलाल सक्रिय हैं और मारपीट विवाद के मामले में पूरे दिन पुलिस चौकी पंचायत घर बन गई है। मामले में सुलह समझौता के नाम पर दोनों पक्षों से वसूली कर मामले को रफा दफा किया जा रहा है जिससेअपराध करने वालों के हौसले बुलंद है मारपीट विवाद के तमाम मामलों में मुकदमा नहीं दर्ज किया जा रहा है जिससे विवाद की चिंगारी सुलग रही है। पुलिस चौकी क्षेत्र में संगठित अपराधों की बाढ़ आने से आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है पुलिस अधिकारियों ने यदि चौकी पुलिस के कारनामों को संज्ञान लेकर जांच कराई तो चौकी पुलिस पर गाज गिरना तय है।

## संपादक की कलम से

# कैंसर नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है। जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या 2022 में 14,61,427 रही। वहीं 2021 में यह 14,26,447, जबकि 2020 में 13,92,179 थी। सबसे ज्यादा कैंसर के मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। यहां 2020 में 2,01,319, 2021 में 2,06,088 और 2022 में 2,10,958 मरीज मिले। वहीं सबसे कम कैंसर मरीज केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में हैं। यहां 2020 में 27, 2021 और 2022 में 28-28 मरीज मिले हैं।

कैंसर रोगों का एक समूह है जो असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार से होता है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। यह पहचानना आवश्यक है कि कुछ जीवनशैली विकल्प, जैसे धूम्रपान, खराब आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी, कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

## अध्यात्म के सहारे कैंसर को परास्त करे

-: ललित गर्ग :-

हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। कैंसर के प्रति जागरूकता लाने एवं इसकी जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिये पूरी दुनिया विश्व कैंसर दिवस मनाता है, ताकि हर साल लाखों लोगों को असमय काल का ग्रास बनने से रोका जा सके। पेरिस (फ्रांस) में साल 2000 में कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान विश्व कैंसर दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा इस दिवस को मनाया जा रहा है। वर्ष 2024 की थीम है ह्यदेखभाल अंतर को बंद करेंह्ल है जो दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करने पर केंद्रित है।

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज का अनुमान है कि 2017 में कैंसर के कारण 9.56 मिलियन (95.6 लाख) लोगों की समय से पहले मौत हो गई। दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

# क्या ज्ञानवापी की राह में कांग्रेस का लाया ये कानून बन सकता सबसे बड़ा रोड़ा?

भगवान राम अयोध्या स्थित अपने दिव्य भव्य और नव्य मंदिर में क्या विराजमान हुए, देश के बरसों पुराने मुद्दे सुलझने लगे हैं। अभी इसी सप्ताह ही वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के बारे में एएसआई की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि वहां पहले हिंदू मंदिर था जिसे ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण किया गया। उसके बाद देशवासियों का मन आज तब खुशी से झूम उठा और चारों ओर हर हर महादेव के नारे लगने लगे जब उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दे दिया है। बताया जा रहा है कि प्रशासन सात दिन के अंदर पूजा-पाठ कराने की व्यवस्था करेगा और पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा।

आदेश आते ही बुधवार को अदालत द्वारा 'व्यास का तेखाना' में अनुमति दिए जाने के बाद ज्ञानवापी के एक तहखाने में पूजा की रस्में गुरुवार से शुरू हुईं। काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी मस्जिद पर कानूनी लड़ाई में यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। 30 साल बाद ये पूजा की गई है। गुरुवार को एक श्रद्धालु ने कहा कि हम सभी यहां हर दिन सुबह 3-3 बजे दर्शन के लिए आते हैं। हम कोर्ट के आदेश से बेहद खुश और भावुक हैं। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है। वकील सोहन लाल आर्य ने कहा कि हम आज बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अदालत का कल का फैसला अभूतपूर्व था। व्यवस्था कर दी गई हैं लेकिन इसे (व्यास का तेखाना) अभी तक भक्तों के लिए नहीं खोला गया है।

गौरतलब है कि आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) ने आपकी साइंटिफिक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मंदिर तोड़कर बनाई गई थी। सर्वे के दौरान मस्जिद के अंदर भव्य हिंदू मंदिर के अवशेष पाए गए। अरक की 839 पेज की रिपोर्ट अदालत में पेश की गई। कानूनी जानकार बताते हैं कि हिंदू पक्ष इस रिपोर्ट को सबूत के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन इसकी राह में कानूनी अड़चनें भी हैं। सबसे बड़ा रोड़ा 33 साल पुराना पूजा स्थल कानून । अब चूँकि मुस्लिम ऊँची अदालतों में इस फैसले के विरोध कर रहा है जहाँ उन्हें 1991 में कांग्रेस राज में बना कानून सहायता कर सकता हैं ।

दरअसल प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट या पूजा स्थल कानून साल 1991 में बना था । उस वक्त केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री हुआ करते थे। इस कानून के मुताबिक 15 अगस्त 1947 से पहले भारत में जिस भी धर्म का जो पूजा स्थल था, उसे किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में बदला नहीं जा सकता। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास करता है तो उसे 3 साल तक की जेल और जुमार्ना हो सकता है।

पूजा स्थल कानून बनाने की जरूरत क्यों पड़ी थी ? इसकी वजह श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ी है। 1990 के दशक में आंदोलन चरम पर था। लालकृष्ण आडवाणी रथ यात्रा लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए, लेकिन उन्हें बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्र की वीपी सिंह की सरकार गिर गई और चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने। हालांकि चंद्रशेखर की सरकार भी ज्यादा दिन टिक नहीं पाई। नए सिरे से चुनाव हुए और कांग्रेस सत्ता में आई। पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने, लेकिन मंदिर आंदोलन बढ़ता ही जा रहा था।



अयोध्या के अलावा देश में और कई जगहों पर सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का खतरा था। सरकार ने इस विवाद पर विराम लगाने के लिए कानूनी रास्ता खोजना शुरू किया और उसकी खोज पूजा स्थल कानून पर जाकर खत्म हुई। कांग्रेस सरकार ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर विराम लगाने के लिए पूजा स्थल कानून बना दिया। इस कानून में 15 अगस्त 1947 की डेट कट ऑफ के तौर पर तय कर दी।

ज्ञात हो कि साल 1991 में जब यह कानून लाया गया, तब विवादित बाबरी ढांचे का मामला न्यायालय में लंबित था। इसलिए बाबरी को इस कानून से छूट मिल गई। हालांकि अगले साल यानी 1992 में विवादित बाबरी ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट में दशकों तक मामला चला और आखिरकार 2019 में उच्चतम न्यायालय ने हिंदू पक्ष के हक में फैसला दिया।

भाजपा का शुरू से यह स्टैंड रहा था कि जो भी हिन्दू पूजा स्थल तोड़ का मस्जिद में बदल दिए गए है वे हिन्दुओं को वापस मिलना चाहिए । इसीलिए साल 1991 में जब कांग्रेस सरकार यह कानून लेकर आई तब भी बीजेपी ने इसका पुरजोर विरोध किया था। तब अरुण जेटली, उमा भारती जैसे नेताओं ने इसे संसदीय समिति के पास भेजने की मांग की थी, हालांकि कानून पास हो गया था। एक वर्ग अब भी कानून पर सवाल उठाता रहा है। उनका कहना है कि 1947 से ठीक पहले तमाम पूजा स्थल तोड़े गए। उन्हें दूसरे धर्म के पूजा स्थल में तब्दील कर दिया गया, ऐसे में 15 अगस्त 1947 का कट ऑफ तार्किक नहीं है। तीन दिनों तक चली बहस के दौरान, दोनों पक्षों ने दावा किया कि उनकी स्थिति सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करेगी। अंततः, विधेयक बिना किसी बड़े संशोधन के पारित हो गया और इसके दायरे से अयोध्या और जम्मू-कश्मीर को बाहर रखा गया।

विधेयक का समर्थन करने वाले कांग्रेस के तत्कालीन लक्षद्वीप सांसद पीएम सईद ने पूछा कि अयोध्या स्थल को इसके दायरे से बाहर क्यों रखा गया है। मैं गृह मंत्री से यह स्पष्ट करने का अनुरोध करता हूं कि इसे विधेयक से बाहर क्यों रखा गया है। विश्व हिंदू परिषद ने कुछ पत्रों की श्रृंखला प्रसारित की है जिसमें उन्होंने न केवल बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि बल्कि वाराणसी, मथुरा और ताज महल का भी मुद्दा उठाया है। वे इन सभी को ध्वस्त करना चाहते हैं। बंगाल के बोलपुर से तत्कालीन सांसद सीपीआई (एम) के सोमनाथ चटर्जी, ने कहा कि उनकी पार्टी ने अयोध्या विवाद को शामिल करने को प्राथमिकता दी होगी, लेकिन उन्होंने दिए गए विधेयक को स्वीकार कर लिया। कि अयोध्या एक "बड़ा भावनात्मक मुद्दा" बन गया है जिसे आपसी बातचीत से हल किया जाना चाहिए। दिग्विजय सिंह विधेयक से जम्मू-कश्मीर को बाहर करने के खिलाफ थे। उन्होंने कहा था कि मैं गृह मंत्री से आग्रह करूंगा कि वे इस निर्णय पर पुनर्विचार करें और अपने इस पक्ष के मित्रों को इस विधेयक के खिलाफ किसी प्रकार का दुष्प्रचार न करने दें।

एक साल बाद, दिसंबर 1992 में वीएचपी और अन्य हिंदू समूहों के कार्यकताओं द्वारा बाबरी मस्जिद को नष्ट कर दिया गया, जिससे पूरे देश में सांप्रदायिक हिंसा फैल गई। नरसिम्हा राव की उनकी सरकार द्वारा स्थिति को संभालने के तरीके की भारी आलोचना की गई, जिसमें भाजपा के नेतृत्व वाली यूपी सरकार को अनुमति देना भी शामिल था। 2022 में, गुना से भाजपा सांसद कृष्ण पाल सिंह यादव ने अधिनियम को निरस्त करने के लिए एक निजी विधेयक पेश किया। हालाँकि, यह अभी तक चर्चा में नहीं आया है।

पूजा स्थल कानून या प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट के खिलाफ बीजेपी नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। कानून को चुनौती दी है। इसके अलावा बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी समेत 4 अन्य लोगों ने भी कानून के खिलाफ याचिका दायर कर रखी है। अश्विनी उपाध्याय ने इस कानून की धारा 2, 3 और 4 को रद्द करने की मांग की है। वह कहते हैं कि यह कानून साफ तौर पर हिंदू, जैन सिख और बौद्ध धर्म के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करता है। क्योंकि मुख्य तौर पर इन्हीं चार धर्म के लोगों के पूजा स्थल आक्रमणकारियों ने तोड़े और अब इनके पास कोई कानूनी रास्ता भी नहीं बचा है।

मीडिया से बातचीत में अश्विनी उपाध्याय दावा करते हैं कि देश में करीब ऐसे 900 मंदिर हैं, जिन्हें 1192 से 1947 के बीच तोड़ा गया और उनकी जमीनें कब्जा ली गईं। बाद में उन्हें या तो मस्जिद या चर्च में तब्दील कर दिया गया। बहरहाल, अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी के आखिर तक केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है।

सार यह है कि काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मालिकाना हक के केस को सुलझाने में पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 एक महत्वपूर्ण फैक्टर साबित हो सकता है। अधिनियम की धारा 3 और 4 अनिवार्य रूप से घोषित करती हैं कि पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र, तत्कालीन को छोड़कर-अयोध्या में विवादित राम जन्मभूमि 15 अगस्त, 1947 की तरह ही बनी रहेगी और कोई भी व्यक्ति किसी भी धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल को किसी अलग संप्रदाय या खंड में परिवर्तित नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट इस बात पर सुनवाई कर रहा है कि क्या 1991 का कानून किसी अन्य पूजा स्थल के संबंध में ऐसी याचिका दायर करने पर भी रोक लगाता है। अब तक, केवल मौखिक टिप्पणियाँ प्रस्तुत की गई हैं, न्यायालय ने अभी भी इस मुद्दे पर निर्णायक रूप से निर्णय नहीं दिया है।

**अशोक भाटिया,**
**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक एवं टिप्पणीकार**

# झारखण्ड में सत्ता की सीता के हरण की कोशिश

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

कलियुग में त्रेता की बात हो और सीता का हरण न हो ये कैसे सम्भव है। कलियुग में सीता भूमिजा नहीं है। कलियुग की सीता जनादेश से जन्मी है, लेकिन उसके हरण की कोशिशों में कोई कमी नहीं है। झारखंड से पहले अनेक राज्यों में 'सत्ता की सीता' का हरण आप देख चुके हैं, लेकिन सबसे दिलचस्प कहानी झारखंड की है, क्योंकि यहां 'सत्ता की सीता' आदिवासी है और उसका अपहरण करने में भाजपा को पसीना आ रहा है। झारखण्ड में पिछले दो दिन से कोई सरकार नहीं है।



आपको याद होगा कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद देश के अनेक राज्यों में सत्ता की सीता का वरण न कर पाने के बाद उसका अपहरण करने के लिए 'आपरेशन लोटस' चलाया था। कभी कर्नाटक में कभी मध्य प्रदेश मे। कभी महाराष्ट्र में कभी बिहार में। 'आपरेशन लोटस' के तहत भाजपा को कहीं 'बिभीषण' मिले तो कहीं 'पल्टूराम', लेकिन झारखण्ड में अभी तक भाजपा के हाथ कोई नहीं लगा है। झामुमो गठबंधन की गांठें फिलवक्त ढीली नहीं हुई हैं हालांकि सत्तारूढ़ परिवार की एक विधायक श्रीमती सीता सोरेन बिदकी हुई हैं और भाजपा की नजर उन्हीं पर है। दुर्भाग्य ये है कि सीता सोरेन का अपहरण करने के बाद भी भाजपा गठबंधन सत्ता की सीता का वरन करने की स्थिति में नहीं है।

'मिशन 400' को हासिल करने के लिए भाजपा की मजबूरी है कि जिन राज्यों में उसकी सत्ता नहीं है वहां या तो वो सत्ता हासिल करे या वहां सत्तारूढ़ विरोधी सरकारों को अस्थिर कर वहां लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा चुनावों की स्थितियां पैदा करे। भाजपा पिछले एक दशक में दो आम चुनाव जीत चुकी है लेकिन राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे लगातार मुंह की खानी पड़ी है। जिस कांग्रेस को भाजपा देश से खदेड़ देना चाहती है वो ही कांग्रेस पांच साल पहले भाजपा से अनेक राज्य छीन चुकी है। हालाँकि बाद में परिदृश्य बदला। इस समय भी भाजपा के लिए गैर भाजपा दलों और गठबंधनों की सरकारें परेशानी का सबब बनीं हुई हैं।

'सत्ता की सीता' का हरण करने के लिए भाजपा ने हर तरह की लोक-लाज का परित्याग कर दिया है। नैतिकता-अनैतिकता को भूल गयी है। संविधान उसके लिए कोई मायने नहीं रखता। जो भी राजनीतिक दल भाजपा के विजय अभियान में आड़े आया उसे नेस्तनाबूद करने के लिए भाजपा ने बिभीषणों, पल्टूरामों और जब कोई नहीं मिला तो ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय का भरपूर इस्तेमाल किया। लेकिन पिछले एक दशक में न देश कांग्रेस विहीन हुआ और न प्रतिद्वंदी क्षेत्रीय दल मिटे। भाजपा के दीपक के नीचे ही अन्धेरा है। उसके पास न दिल्ली है और न पंजाब। न बंगाल है और न केरल। न तेलंगाना है और न हिमाचल। न उड़ीसा है न तमिलनाडु। लेकिन सीता से पहले भाजपा ने राम का अपहरण करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

कलियुग की सियासी रामायण में झारखण्ड भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। भाजपा को जितनी कस-बल और पैसा बिहार में खर्च नहीं करना पड़ा उससे कहीं ज्यादा झारखण्ड में करना पड़ रहा है। झामुमो गठबंधन के अधिकांश विधायक अभी तक बिके नहीं हैं हालाँकि खरीदार भाजपा ने अभी हार नहीं मानी है। झारखण्ड के राजयपाल भाजपा की कठपुतली होकर भी भाजपा की मदद नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में लगता है कि खिसियाई बिल्ली की तरह भाजपा झारखंड में जबरन राष्ट्रपति शासन थोप सकती है। हालाँकि इसके लिए उसे अभी बहुत से पापड़ बेलने पड़ेंगे और वो ऐसा कर रही है।

देश की रामभक्त जनता के लिए झारखंड का प्रकरण आँखें खोल देने वाला होना चाहिए। जनता को समझना चाहिए कि भाजपा राम के नाम की आड़ में लगातार सत्ता की सीता का अपहरण करती आयी है। अब जनता ने ही इस खेल को न रोका तो 'सत्ता की सीता' हमेशा के लिए बंधक हो सकती है और उसे कोई भी राम मुक्त नहीं करा पाएंगे, क्योंकि वे तो पहले से मंदिर में कैद हैं। ये मंदिर भाजपा का है ऐसा भाजपा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण और अंतरिम बजट के समाय स्वीकार भी किया है। अयोध्या का राम मंदिर किसी रामनामी सम्प्रदाय की उपलब्धि नहीं है, ये भाजपा की अपनी उपलब्धि है। मंदिर के प्रशासन का काम भी जिस ट्रस्ट के हाथ में हैं इसमें बहुमत बाबाओं का नहीं नागपुर में दीक्षित शाखामृगों का है। लेकिन हमें इससे कोई आपत्ति नहीं। राम हमारे हैं भले ही उन्हें भाजपा ने घेर लिया है।

हम भाजपा के 'आपरेशन लोटस' और 'सत्ता की सीता हरण' के प्रयासों के कभी समर्थक नहीं रहे। हमारा मानना है कि सत्ता पाने के लिए जनादेश ही एकमात्र विकल्प होना चाहिये। जनादेश से चुनी हुई सरकारों के साथ दुर्व्यवहार कांग्रेस के जमाने में भी खूब होता था और भाजपा ने तो इस मामले में सारे कीर्तिमान भंग कर दिए हैं। लोकतंत्र की शक्ति बनाये रखने के लिए जनादेश की सुचिता बनाये रखना आवश्यक है। इसे ईडी, सीबीआई या ईवीएम के जरिये दूषित नहीं किया जाना चाहिए। कल क्या होगा ये राम जी के अलावा केवल भाजपा वाले जानते हैं। देश को इस बारे में कुछ पता नहीं है। उसके भाग्य में सत्ता की सीता के अपहरण के दृश्य ही हैं।

# भ्रष्टता निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार

-: ललित गर्ग :-

झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा।

बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

# साइबर ठगी के आठ लोगों के लौटाये 337021 रुपये

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मौजूदा समय में बढ़ते साइबर अपराध रोकने व आमजनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर साइबर अपराध पीड़ितों को राहत देने के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने आठ साइबर अपराध पीड़ितों के 337021 रुपये खातों में वापस कराये हैं।



ठगी के शिकार को रुपये लौटाती टीम।

शुक्रवार को साइबर सेल में तैनात साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने आठ पीडितों के रुपये बरामद कराये हैं। ज्ञात है कि मौजूदा समय में आमजनता बैंक आने-जाने व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने को भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में जिनके पास एन्ड्राइड फोन हैं, आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं। इस कार्य में जरा सी लापरवाही पर कई लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने वालों को ये जानकारी जरुरी है कि कैसे-कैसे साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं। क्या सावधानी अपनायें कि साइबर ठगी से बच सकें। जिला साइबर सेल लागातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव को जागरुक कर रहा है। साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर पीड़ितों के मामले दर्जकर प्रयास कर सम्बन्धित बैंकों से तालमेल बनाकर पीड़ितों को धनराशि वापस करायी जाती है। साइबर सेल प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नं 1930 में काल करें या शिकायत दर्ज करायें।

## सचिवों पर रिपोर्ट बाद भी हो गये लाखों के भुगतान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सचिवों के खिलाफ दर्ज एफआईआर बाद भी लाखों का भुगतान कैसे हो गया। फर्जी भुगतान को लेकर सत्रह सचिवों के विरुद्ध डीपीआरओ ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

शुक्रवार को सचिवों के खिलाफ रिपोर्ट के बाद भी लाखों के भुगतान का खुलासा हुआ। बताया गया कि ब्लाक मुख्यालय पहाड़ी के पहाडी गांव में स्वच्छ भारत मिशन योजना में विकास कार्यों के नाम पर लाखों का भुगतान हो गया, मौके पर कोई कार्य नहीं हुए। फिर लाखों का गबन कैसे हो गया। जिम्मेदार बेखबर हैं। जिन सचिवों पर रिपोर्ट हुई थी, उन्होंने जल्दबाजी में ये भुगतान किया है। फर्जी भुगतान को लेकर पंचायती राज विभाग के सचिवों समेत जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्यवाही हुई थी। जिला प्रशासन ब्लाक मुख्यालय के गांव पहाड़ी बुजुर्ग में हुए फजीवाड़े की जांच कराकर कब कार्यवाही करेगा।

# मनरेगा में तकनीकी सहायक फर्जी ढंग से कर रहा एमबी, जिम्मेदार खामोश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मनरेगा से कराए जा रहे विकास कार्यों की एमबी करने को प्रत्येक गांव मे तकनीकी सहायकों की तैनाती हुई थी। तकनीकी सहायक ग्राम निधि की एमबी कर सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबांट करते दिख रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए अनजान बने हैं। तकनीकी सहायक मनमानी करते नजर आ रहे हैं।

ऐसा ही मामले का कर्वी ब्लाक में तैनात तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह का खुलासा हुआ है। बताया गया कि कर्वी ब्लाक के भंभई, खुटहा, पुरवा तरौंहा, रानीपुर भट्ट, संग्रामपुर व सीतापुर में तैनात तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह मनरेगा से कराये कार्यों की एमबी समेत ग्राम निधि से कराये कार्यों की एमबी कर मनमानी ढंग से सरकारी धन का बंदरबाट कर रहे हैं। गांवों में मनरेगा से कराये कार्यों की एमबी करने को तकनीकी सहायकों की नियुक्ति है। शासन के निदेशों को दर-किनार कर ये तकनीकी सहायक ग्राम निधि से कराये कार्यों की एमबी कर सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबांट कर रहे हैं। इसकी जानकारी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी समेत उपायुक्त श्रम रोजगार को है, इन जिम्मेदारों ने तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह के विरुद्ध कार्यवाही करने की बजाय संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। बड़ी बात ये है कि एक ओर सरकार ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को लाखों रुपए दे रही है, दूसरी ओर तकनीकी सहायकों ने विकास कार्यों के नाम पर मनमानी ढंग से फजीवाड़ा कर सरकारी धन का बंदरबाट करवा रहे हैं। देखना है कि जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह के विरुद्ध क्या कार्यवाही करेगा।

## जिले को जल्द मिलेंगे 87 नए लेखपालः एडीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी एफआर श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि लम्बे समय से लेखपालों की कमी से जूझ रहे जिले को जल्द राहत मिलेगी। जिले को 87 नए लेखपाल मिले हैं। जल्द ही औपचारिकतायें पूरी कर नए लेखपाल कार्यभार ग्रहण करेंगे। शुक्रवार को एडीएम एफआर श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि नये लेखपालों की तैनाती बाद भी जिले में लेखपालों के 70 पद रिक्त रहेंगे। जिले में लेखपालों के 209 पद सृजित हैं। एक चैथाई से भी कम 52 लेखपाल कार्यरत हैं। एक लेखपाल के पास तकरीबन चार या अधिक गांवों की जिम्मेदारी है। नए लेखपालों के कार्य शुरू करने के बाद न सिर्फ कार्यरत लेखपालों के काम के बोझ में कमी आएगी, बल्कि उनको मिले राजस्व कार्यों में भी गति आएगी।

## भाजपा की छवि धूमिल, हो रहा भ्रष्टाचार का खेल

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार का खेल हो रहा है। जिला प्रशासन के निदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

शुक्रवार को मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। बताया गया कि ठेकेदारों समेत संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो में मानकविहीन जमकर कार्य हो रहे हैं। ठेकेदार बिना किसी भय के निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं। निर्माण कार्यों में दूर-दूर तक निदेशों का पालन होता नही दिख रहा।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी निदेशों का कोई अधिकारी पालन कराता नहीं दिख रहा। अन्य दलों की मानसिकता से लबरेज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्ताविहीन कार्य कराकर भाजपा सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं।

# दिनचर्या में खेल शामिल कर रहें स्वस्थ्यः विधायक

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के मां कालिंदी के सुरम्य तट पर स्थित कैलाश विहार शिवबाबा धाम परिसर में क्रिकेट टूनामेंट के अंतिम फाइनल मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी का लोगों ने भव्य ढंग से स्वागत किया।

शुक्रवार को विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली भैया ने फाइनल मैच दौरान खिलाड़ियों से परिचय लिया। मौजूद लोगों से कहा कि नियमित दिनचर्या से खेल को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ्य रहने को दिनचर्या में खेल को शामिल करना




टूनार्मेन्ट में बोलते विधायक।

चाहिए, ताकि बीमारियों से बचा जा सके। कार्यक्रम संरक्षक चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी ने खेल की महत्ता पर रोशनी डाली। कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। टूनामेंट का फाइनल मैच एनसीसी नींबी बनाम मिजार्पुर स्पोर्टिंग क्लब मऊ के बीच हुआ। मिजार्पुर स्पोर्टिंग क्लब विजयी रहा। चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी ने विजेता टीम के कप्तान नीलेश मिश्रा व उपविजेता टीम को शील्ड व पुरस्कार राशि देकर प्रोत्साहित किया। रोमांचक मैच देखने को सैकड़ों की भीड़ रही।

ये टूनामेंट कई वर्षों से हो रहा है। टूनामेंट संयोजक बाबा हिमांशू, महेश द्विवेदी उर्फ महाशय, संजय द्विवेदी, प्रकाश द्विवेदी, विष्णुकांत पांडेय का योगदान रहा। मैच के अंपायर अनुज त्रिपाठी, लवलेश जायसवाल रहे, कमेंट्रेटर संजय द्विवेदी रहे। मैच देखने दौरान नगर पंचायत मऊ ब्रांड एंबेसडर शारदा अग्रहरि, मुकेश वाजपेयी, जयभारत द्विवेदी, समाजसेवी विष्णुदेव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सरकारी बेशकीमती भूमि से हटाये अवैध कब्जे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर कर्वी तहसील में सरकारी भूमियों से अवैध कब्जे हटाने का अभियान जारी है।

शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर अमित त्रिपाठी ने बताया कि सीतापुर में गाटा संख्या 1272 मि रकबा 0.647 हे तकरीबन चार बीघा पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर मौके पर जांच की गई। अवैध कब्जा हटवाते हुये भूमि सरकारी कब्जे में ली गयी। भविष्य में किसी के अवैध कब्जा न करने की हिदायत दी गई। मौके पर सरकारी भूमि का बोर्ड लगवाया गया। इस बेशकीमती भूमि पर सरकारी भवन या कार्यालय भवन का निर्माण किया जायेगा। इस बाबत डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार ने बताया कि ये भूमि काफी कीमती है। जिस पर कुछ लोगों के अवैध कब्जे करने की शिकायत मिली थी। मौके पर भूमि को खाली करवाकर सरकारी निर्माण को प्रस्ताव किये जा रहे है। टीम में नायब तहसीलदार मंगल यादव, नायब तहसीलदार हिमांशु द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, लेखपाल अलोक मिश्र आदि मौजूद रहे।

# अब आई है भाजपा को गांव चलो की यादः अनुज

अब आई है भाजपा को गांव चलो की यादः अनुज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के पुरवा तरौहां की दलित बस्ती में पीडीए चैपाल में सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार के दूसरे कार्यकाल में कभी गांवों की याद नहीं आई। लोस चुनाव आने पर भाजपाइयों को गांव चलो की याद आई है।

शुक्रवार को पुरवा तरौंहा की चैपाल में सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार में समाज का हर तबका डबल मुसीबतों का सामना कर रहा है। न तो किसानों की आय दुगनी हुई, न हर साल दो करोड़ लोगों को नौकरियां मिली। बीजेपी सांसद व विधायकों के ट्रक



व विद्यालय जरूर दुगने हो गये। सरकार में किसान आज भी रात को भीषण ठंड में लाठी लिये सांडों से फसल बचाने को संघर्ष कर रहा है। सरकारी आफिसों में भ्रष्टाचार इस कदर फैला है कि बिना घूस के गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही। हर गांवों में दर्जनों युवा पढ़-लिखकर बेरोजगार घूम रहे हैं। डबल इंजन सरकार में मजबूरी में मजदूरी कर रहे लोगों की नौकरी गिना रही है। चैपाल में छात्र नेता रोहित यादव, राम प्रसाद वर्मा, राधे यादव, संजय गौतम, गौतम वर्मा, कौशल यादव आदि मौजूद रहे।

## बांदा के आवाहन पर हडताल पर रहे अधिवक्ता

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय करवरिया व सचिव मनोज कुमार कंचनी की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने बांदा कचहरी में वकीलों के चेम्बरों में तोडफोड करने व विरोध पर वकीलों को फर्जी मामलों में फंसाने के विरोध में शुक्रवार को न्यायालय कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने शहर में प्रदर्शन कर बांदा के अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने की मांग की है। शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव की अगुवाई में वकीलों ने शहर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वकीलों ने कहा कि बांदा न्यायालय परिसर में चेम्बरों में तोडफोड व विरोध पर वकीलों पर फर्जी मुकदमे लगाये हैं। बांदा के अधिवक्ता कई दिनों से हडताल कर रहे हैं। बांदा के अधिवक्ता संघ के आवाहन पर यहां के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को न्यायालय कार्य से विरत रहते हुए हडताल की। इस मौके पर अधिवक्ता आनन्द कुमार मिश्रा, राजकुमार प्रजापति, शिवनरेश सिंह, अश्वनी तिवारी, शशिभूषण पाल, शिवकुमार कुशवाहा, शत्रुघ्न यादव, विक्रम सिंह, बालकृष्ण पाण्डेय, अवधेश यादव, कुंजबिहारी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# बालू ठेकेदारों पर अंकुश न लगा तो होगा आन्दोलनः भाकियू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकियू जिला उपाध्यक्ष/प्रभारी शिवदयाल सिंह बघेल की अगुवाई में किसानों ने तहसील राजापुर में प्रदर्शन कर एसडीएम प्रमोद कुमार झा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बालूघाट धौरहरा बांगर, तीरधुमाई गंगू, बरद्वारा के किसानों के खेतों से बालू ठेकेदार जबरन रास्ता निकाल रहे हैं। किसानों की फसले चैपट हो रही हैं। बालू ढुलान से किसानों की फसलों क्षति पहुंच रही है।

शुक्रवार को भाकियू जिला उपाध्यक्ष ने एसडीएम राजापुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि किसानों की अनुमति बिना गुंडई के जोर पर किसानों की फसलों की क्षति पहुंच रही है। एसडीएम से गुहार



लगाई कि न्याय न मिलने पर आंदोलन को बाध्य होंगे। मंडल सचिव उदयनारायण सिंह ने कहा कि बालू घाट पर मजदूरों, छोटे किसानों को रोजगार से जोड़ा जाये। लोडिंग का कार्य दिया जाये। क्षेत्र के किसानों के ट्रैक्टरों को बालू ढुलान से जोड़ा जाये, ताकि किसानों के टैज्क्टर पर बैंक लोन की भरपाई समय से हो सके, ताकि किसान कर्ज मुक्त हो सकें।

तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि चिल्लीमल पम्प कैनाल का सही प्रबंधन न होने से नहरों में पानी नही मिल रहा। फसलें सूख रही हैं। तीरधुमाई गंगू में नहर पर फाटक लगायें, ताकि छोटे माइनरों को पानी मिल सके। जल्द पानी न मिलने पर फसलें सूख जायेंगी। इस मौके पर किसान इन्द्रदत्त, गणेश, सोमदत्त, शान्ति देवी, बच्चीलाल, शिवसागर, विष्णुदत्त, अवधेश, बदरी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** निपुण भारत मिशन के तहत बीआरसी मऊ में बुनियादी भाषा व गणित विषय आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण हुआ।

शुक्रवार को प्रशिक्षण की शुरूवात बीईओ कृष्णदत्त पाण्डेय ने मां सरस्वती का पूजन कर दीप जलाकर किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चे को ऐसी शिक्षा दें कि उसका शैक्षिक व बौद्धिक विकास हो। ब्लाक मऊ के सभी प्राथमिक विद्यालय व कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षक व शिक्षामित्र को ये प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता छविलाल प्रजापति, महेश प्रसाद, सुशील कुमार पाण्डेय, गंगाधर द्विवेदी व अनूप कुमार मिश्रा ने दिया।

# बैनामा की नोटिस मिली तो खुला राज

भू-माफियाओं ने धोखे से कीमती भूमि की पांच लाख में कराया एग्रीमेन्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** वृद्धा पेंशन दिलाने के बहाने 85 साल के वृद्ध को मुख्यालय लाकर करोंडों की भूमि कुछ लोगों ने पांच लाख रुपये में एग्रीमेन्ट करवा लिया। बैनामा कराने की नोटिस मिलने पर वृद्ध के परिजनों को जानकारी हुई तो अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। आरोप लगाया कि बैनामा व कुछ तहसील कर्मियों ने उसकी जमीन का एग्रीमेंट कराने में साजिश रची है।

शुक्रवार को ये खुलासा हुआ। बताया गया कि शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के पथरौडी गांव के गोबरा प्रसाद (85) ने सूबे के मुख्य



जालसाजी का शिकार वृद्ध।

सचिव व मंडलायुक्त को लिखे पत्र में कहा कि वह ठीक से चलने-फिरने व सुनने में असमर्थ है। एक पुत्र की मृत्यु हो चुकी है, दूसरा पुत्र दिव्यांग है। गांव के दो युवकों ने वृद्धा पेंशन दिलाने के बहाने मुख्यालय लेकर आए। कई जगह लेकर गए, अंगूठा निशान लगवाकर हाईवे किनारे की लगभग सौ फिट की भूमि का एग्रीमेंट पांच लाख रुपये में करा लिया। बैनामा कराने के एक सप्ताह पहले नोटिस मिली तो राज खुला। आरोप लगाया कि नोटिस मिलने पर परिजनों ने पढ़ा व तहसील से लेकर रजिस्ट्री कार्यालय के चक्कर लगाये। किसी ने सही जानकारी नहीं दी। एग्रीमेन्ट कराने वाले राजाराम पुत्र चन्ना निवासी पथरौडी, अनूप कुमार पुत्र राजनारायण निवासी रौली कल्याणपुर, सुशील कुमार पुत्र बाबूलाल शुक्ला निवासी रौलीकल्याणपुर, श्याम सिंह पुत्र चुन्ना निवासी ममसी बुजुर्ग थाना पहाडी व सनत यादव पुत्र रामसूरत निवासी खुटहा, श्वेता पत्नी अतुल सिंह निवासी शंकरगंज बेथेल स्कूल हैं।

ये सब कीमती भूमि को सस्ते में हडपना चाहते हैं। इस बाबत रजिस्ट्री विभाग के उपनिबंधक राजेश सिंह ने कहा कि एग्रीमेंट में नियमानुसार स्टांप लगे हैं। विभाग की इसमें कोई भूमिका नहीं है। क्रेता-विक्रेता आए, सबके सामने बयान लेकर लिखा-पढ़ी होती है। विक्रेता को आपत्ति है तो अदालत से एग्रीमेन्ट रद्द करा सकता है।

## 25 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने लवलेश पुत्र स्व विशालीराम निवासी टिटिहरा मजरा कोटरा खाम्भा को 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पाण्डेय शामिल रहे।

## न्यायालय परिसर में बना शौचालय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद न्यायालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत निर्मित सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने किया।



शौचालय का शुभारम्भ करते जिला जज आदि।

शुक्रवार को सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण करते हुए जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि यहां आने वाले वादकारियों को अब सार्वजनिक शौचालय की कमी नहीं महसूस होगी। चित्रकूट धाम नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने बताया कि 16 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय बनवाया गया है। महिलाओं व पुरूषों के लिए तीन-तीन शौचालय हैं। इस मौके पर अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार, दीपनारायण तिवारी, विनीत नारायण पाण्डेय, संजय कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज फारुख इनाम सिद्दीकी, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकरी सूर्यकांत धर दुबे, नगर पालिका के सहायक अभियंता संतोष सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## केन्या की राजधानी में भीषण गैस विस्फोट, तीन लोगों की मौत और 200 से अधिक घायल

**इंटरनेशनल डेस्क.** केन्या की राजधानी नैरोबी में शुक्रवार तड़के गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट होने से कई मकान एवं गोदाम जल गए और इसके कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। सरकार के प्रवक्ता इसाक मावौरा ने बताया कि अधिकतर लोग देर रात उस समय अपने घरों के ही अंदर थे, जब उनमें आग लगी। अज्ञात पंजीकरण संख्या वाले और गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट हो गया, जिससे भीषण आग लग गई। एक उड़ता हुआ गैस सिलेंडर ओरिएंटल गोदाम से टकराया, जिससे कपड़ों का यह गोदाम जलकर खाक हो गया।



नैरोबी के पास एम्बाकासी के मराडी इलाके में रात करीब साढ़े 11 बजे लगी आग से कई अन्य वाहन और कारोबारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई । एम्बाकासी पुलिस प्रमुख वेस्ले किमेटो ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सरकार ने बताया कि 222 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। केन्या रेड क्रॉस ने बाद में बताया कि 270 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## विदेश मंत्रालय प्रवक्ता मैथ्यू मिलर बोले- भारत के साथ साझेदारी महत्वपूर्ण संबंधों में से एक

**इंटरनेशनल डेस्क.** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री करने के फैसले के बारे में संसद को सूचना देने के कुछ ही घंटों बाद बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- मैं यह कहूंगा कि भारत के साथ हमारी साझेदारी हमारे सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। हम अपनी अहम प्राथमिकताओं पर भारत के साथ निकटता से काम कर रहे हैं। हमारे (अमेरिका में भारत के निवर्तमान) राजदूत (तरणजीत सिंह संधू) के साथ घनिष्ठ कामकाजी संबंध रहे हैं। हमने उनके साथ कई साझा प्राथमिकताओं पर काम किया है। भारत ऐसा मुक्त एवं खुला हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अन्य क्षेत्रों से जुड़ा हुआ, समृद्ध, सुरक्षित और लचीला हो।



उन्होंने कहा- हम उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनके स्थान पर राजदूत के तौर पर कार्यभार संभालने वाले अगले राजनयिक का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ करीबी कामकाजी संबंध हैं और वे कुछ बेहद अहम और महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर बातचीत करने में सक्षम हैं। विदेश मंत्री (ब्लिंकन) ने भारत जाकर कई बार विदेश मंत्री (जयशंकर) से मुलाकात की है। ब्लिंकन ने जयशंकर का भी यहां स्वागत किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर न्यूयॉर्क में उनसे मुलाकात की।

बता दें अमेरिका ने बृहस्पतिवार को 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दे दी। इससे समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिए वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भारत की क्षमता को बढ़ेगी।

# हम तय करेंगे कहां और कैसे बदला लेंगे, अमेरिका ने ईरान पर हमलों को दी मंजूरी; कई दिन जंग की तैयारी

**ईरान और अमेरिका के बीच अगले कुछ दिनों में जंग देखने को मिल सकती है। सीरिया और इराक में ईरान के ठिकानों पर अमेरिका हमले कर सकता है। इसके लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंजूरी दे दी है।**





**वॉशिंगटन.**इजरायल और हमास के बीच छिड़ा युद्ध अब पूरे पश्चिम एशिया को चपेट में ले रहा है। पिछले दिनों जॉर्डन में एक अटैक हुआ था, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। माना जा रहा है कि इसमें ईरान का हाथ था। अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी एक प्लान को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत सीरिया और इराक में ईरानी ठिकानों पर हमले किए जाएंगे। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की ओर से ये हमले अगले कुछ दिनों में होंगे और कई दिनों तक चलेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीरिया की सीमा पर जॉर्डन में हुए ड्रोन अटैक में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। इसके बाद से ही जो बाइडेन प्रशासन पर दबाव बना हुआ था कि वह ऐक्शन ले। अमेरिका ने आरोप भी लगाया था कि उसके तीन सैनिकों को मारने में ईरान समर्थित उग्रवादी समूह का हाथ है। अमेरिका का कहना है कि इराक में इस्लामिक रेस्सिटेंस नाम का संगठन सक्रिय है, जिसने कई उग्रवादी समूह बना रखे हैं। इन सभी को ईरान की ओर से ट्रेनिंग और फंडिंग दी जाती है। हालांकि ईरान ने अमेरिका के आरोपों को खारिज किया है। इस हमले में अमेरिका के 41 जवान जख्मी भी हुए थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि जिस ड्रोन से हमला हुआ था, वह बना भी ईरान में ही था। अमेरिका का कहना है कि यह ड्रोन वैसा ही जैसे ड्रोन्स को ईरान ने रूस को दिया है। रूस उनका इस्तेमाल यूक्रेन से युद्ध में कर रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि हम तय करेंगे कि हमें कहां हमला करना है, कब करना है और किस ठिकाने पर करना है। उन्होंने कहा कि दुनिया यह जानती है कि अमेरिका जवाबदेह लोगों से निपटने में सक्षम है। यही नहीं उन्होंने कहा कि हम कैसे जवाब देंगे, इसका कोई सेट फॉर्मूला नहीं है। अमेरिकी सूत्रों का कहना है कि ये हमले तब किए जाएंगे, जब मौसम थोड़ा खराब हो। ऐसी स्थिति में दुश्मन को जवाब देने का मौका कम मिलेगा। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि मौसम इतना भी खराब न हो कि वह उलटा ही नुकसान कर जाए। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से जो बाइडेन गहरे दबाव में हैं। उनसे ईरान पर ऐक्शन लेने की मांग की जा रही है।

## इमरान खान की जान को खतरा, पाकिस्तानी सेना ने दिए जिंदा रहने के 3 रास्ते

**इस्लामाबाद.**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान कई मामलों में सजा काट रहे हैं। इसी बीच अब कहा जाने लगा है कि उनकी जान को खतरा है। इतना ही नहीं खबरें हैं कि पाकिस्तान की सेना ने उन्हें जीवित रहने के लिए %तीन रास्ते% भी दिए हैं। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पाकिस्तान में फरवरी में चुनाव होने हैं।ान के नामांकन दस्तावेजों को पहले ही खारिज कर दिया गया है। इसके अलावा तोषखाना मामले में उन्हें और पत्नी बुशरा बीबी 14 साल की जेल की सजा भी सुनाई गई है। अब न्यूज18 की रिपोर्ट के



अनुसार, पूर्व पीएम के करीबी डॉक्टर सलमान अहमद ने बताया है कि खान की जान को खतरा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना ने उन्हें तीन रास्ते दिए हैं।रिपोर्ट के अनुसार, पहला रास्ता है, पाकिस्तान की जनता से माफी मांगना और राजनीति से दूर रहना है। उन्हें यह मौका दिया गया है कि चुनावी राजनीति के लिए अपने परिवार के किसी भी सदस्य को नामित कर दें। दूसरा विकल्प है कि वह इस्लामाबाद के बानी गाला में रहे और पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के चुनावी मामलों से दूर रहेंगे।

खान के पास तीसरा विकल्प है कि वह प्रधानमंत्री पद के लिए कोई भी तीन उम्मीदवारों को चुन लें और सार्वजनिक रूप से उनके नामों का ऐलान कर दें। रिपोर्ट में डॉक्टर अहमद खान के हवाले से बताया गया है कि इमरान खान ने कोई भी ऑफर मानने से इनकार कर दिया है। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा,इमरान नहीं झुकेंगे और सच के साथ खड़े रहेंगे।

## फलस्तीन को देश की मान्यता देने पर विचार कर रहा ब्रिटेन, विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने दी बड़ी जानकारी

*बेरूत.* ब्रिटेन गाजा में युद्धविराम के बाद फलस्तीन को आधिकारिक तौर पर देश की मान्यता दे सकता है। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा कि उनका देश दो-राष्ट्र समाधान पर इस्राइल और फलस्तीन के बीच वर्षों से चल रही बातचीत के नतीजे का इंतजार किए बिना आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने पर विचार कर रहा है।

विदेश मंत्री डेविड कैमरन पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय तनाव को कम करने के उद्देश्य से गुरुवार को लेबनान पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि जब तक गाजा पर हमास का नियंत्रण रहेगा, तब तक कोई मान्यता नहीं मिल सकती है। लेकिन यह तभी संभव है, जब फलस्तीनी नेताओं के साथ इस्राइली वार्ता जारी है। ब्रिटेन द्वारा संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देने से प्रक्रिया की शुरुआत हो सकती है।

कैमरन ने कहा कि हमारा मानना है कि इस प्रक्रिया की शुरुआत से हम वास्तविक समाधान की ओर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें फलस्तीनी लोगों को बेहतर भविष्य के लिए एक अलग देश बनाने की आवश्यकता है।

## ओहियो में भारतीय-अमेरिकी छात्र की मौत, एक हफ्ते में ऐसी तीसरी घटना

**न्यूयॉर्क.**अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। इस बार घटना ओहियो के सिनसिनाटी से सामने आई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**मामले की गंभीरता से जांच की जा रही**

इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ओहियो में भारतीय मूल के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ।

**परिवार को इस बारे में बता दिया गया**

वाणिज्य दूतावास ने घटना के बारे में कोई और जानकारी दिए बिना बताया कि हम लगातार परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारत में बेनिगेरी के परिवार को इस बारे में बता दिया गया है। उम्मीद है कि उनके पिता के जल्द ही भारत से अमेरिका आएंगे।

**एक महीने में ऐसी चौथी घटना**

बता दें कि इस सप्ताह की शुरुआत में पर्ड्यू विश्वविद्यालय के छात्र नील आचार्य सोमवार को मृत पाए गए थे।

## खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर के दोस्त के घर हुई फायरिंग, जांच में जुटी ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस

**ओंटारियो.** कनाडा में बीते साल जून में गोली मारकर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। अब हरदीप सिंह निज्जर के करीबी दोस्त के घर पर फायरिंग हुई है। इस फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया में सिमरनजीत सिंह के घर पर गुरुवार स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.20 बजे फायरिंग हुई।

**हमले में कई गोलियां चलाई**

ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा काउंसिल के प्रवक्ता ने बताया कि जिस घर पर फायरिंग हुई, वह हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। पुलिस ने पड़ोसियों और चश्मदीदों के बयान दर्ज किए हैं। घर के बाहर खड़ी कार पर कई गोलियां मारी गई हैं, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं घर पर भी कई गोलियां चलाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि अभी घटना की जांच चल रही है और घटना के पीछे की वजह का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

गुरुद्वारा काउंसिल के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह का कहना है कि इस गोलीबारी की घटना का हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड से कनेक्शन हो सकता है। इस गोलीबारी में सिमरनजीत सिंह की छह साल की बेटी बाल-बाल बच गई है। मोनिंदर ने दावा किया कि 26 जनवरी को वैंकुवर में भारत के वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक विरोध प्रदर्शन के आयोजन में मदद की थी।

**हरदीप निज्जर हत्याकांड से बिगड़ गए थे भारत-कनाडा के रिश्ते**

बीते साल जून में सरे में हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हरदीप सिंह निज्जर को भारत ने खालिस्तानी आतंकी घोषित किया हुआ था और वह भारत में वांछित था। हरदीप निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव आ गया था।

दरअसल कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में दावा किया था कि हरदीप निज्जर की हत्या में भारत का हाथ हो सकता है। ट्रूडो ने भारत से जांच में सहयोग की अपील की थी। हालांकि भारत ने कनाडा के पीएम के दावों को नकार दिया था और उन्हें बेतुका बताया था।

## जॉर्जिया में मैकएचेर्न हाई स्कूल में हुई गोलीबारी, घटना में दो लोग घायल; पुलिस कर रही मामले की जांच

**जॉर्जिया (यूएस)।** अमेरिका के जॉर्जिया में कोब काउंटी के मैकएचेर्न हाई स्कूल में गोलीबारी में दो लोगों को गैर-जानलेवा चोटें आई हैं। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कॉब काउंटी पुलिस ने बताया कि पीड़ित वर्तमान मैकएचेर्न छात्र नहीं हैं।

कॉब काउंटी पुलिस विभाग के नए अपडेट के अनुसार,



नुकसान नहीं पहुँचाया गया। यह स्थिति कैंपस के पार्किंग स्थल पर हुई और इसमें ऐसे लोग शामिल थे जो छात्र नहीं थे।कॉब काउंटी स्कूल के जिला प्रवक्ता ने भी पुष्टि की कि जिन दो व्यक्तियों को गोली मारी गई, वे वर्तमान मैकएचेर्न छात्र नहीं हैं।उन्होंने आगे बताया कि कॉब स्कूल पुलिस और कॉब काउंटी पुलिस ने परिसर को सुरक्षित कर लिया है और दोनों व्यक्तियों की पहचान और संबंधित परिस्थितियों की सक्रिय रूप से जांच कर रहे हैं।यह कहते हुए कि परिसर कोड रेड में था, प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस परिसर में है, और छात्रों और कर्मचारियों दोनों की सुरक्षा के लिए, माता-पिता को परिसर में अनुमति नहीं दी जाएगी और कोड रेड हटाए जाने तक बसें नहीं चलेंगी।प्रवक्ता ने कहा, एक बार उपलब्ध होने पर हम जनता को अतिरिक्त अपडेट प्रदान करेंगे। पुलिस ने कहा कि माता-पिता और अभिभावक अपने छात्रों को पुनर्मिलन स्थल पर ले जा सकते हैं।

कोब काउंटी पुलिस विभाग ने एक्स पर पोस्ट किया, पता 2595 न्यू मैकलैंड रोड होगा, साथ ही, पुनर्मिलन स्थान लैटर-डे सेंट्स के जीसस क्राइस्ट का चर्च, 2595 न्यू मैकलैंड रोड होगा। कृपया रिचर्ड डी सेलर्स पॉकी से यात्रा करें क्योंकि मैकलैंड रोड पर न्यू मैकलैंड रोड बंद रहेगा।

इससे पहले, पुलिस विभाग ने कहा कि वे कैंपस पुलिस की सहायता के लिए मैकएचेर्न हाई स्कूल को जवाब दे रहे थे, साथ ही उन्हें सूचित किया कि वहां एक आश्रय स्थल है और न्यू मैकलैंड रोड पर सभी यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है और अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## विमान में मास्टरबेट करने का आरोप, बेकसूर निकला भारतीय मूल का डॉक्टर; सामने आया सच

**वॉशिंगटन.** अमेरिका के बोस्टन में रहने वाले भारतीय मूल के डॉ. सुदीप्त मोहंती पर विमान यात्रा के दौरान गंभीर आरोप लगे थे। एक 14 साल की बच्ची ने आरोप लगाया था कि वह विमान में ही मास्टरबेट कर रहे थे। शिकायत दर्ज होने के बाद डॉ. सुदीप्त की गिरफ्तारी भी हो गई थी। वहीं डॉ. को काफी बेइज्जती भी बर्दाश्त करनी पड़ी। वहीं अब बोस्टन फेडरल कोर्ट ने उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया है। डॉ.



सुदीप्त का कहना है कि इस बेबुनियाद आरोप की वजह से उनको और उनके परिवार को बहुत मानसिक कष्ट झेलना पड़ा। उन्होंने कहा, आज तक समझ नहीं आया कि आखिर ऐसा आरोप किसलिए लगाया गया था।

डॉ. सुदीप्त मोहंती ने अपने लिखित बयान में कहा था, विमान में मेरे बगल मेरी मंगेतर बैठी थी। मुझे नहीं पता कि मेरे साथ ऐसा क्यों किया गया। मैंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया।

इस तरह के आरोप लगना मेरे लिए ही बहुत शर्मनाक और कष्टदायी है। बता दें कि डॉ, सुदीप्त को एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। हालांकि कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई थी। अगर सुदीप्त दोषी करार दिए जाते तो उन्हें 90 दिनो की जेल, 5 हजार डॉलर तक जुर्माना और एक साल तक की निगरानी की सजा दी जा सकती थी।

**नाबालिग ने क्या लगाए थे आरोप**

नाबालिग लड़की ने आरोप लगाए थे कि होनूलूलू से बोस्टन जाने वाली फ्लाइट में डॉ. सुदीप्त उसके बगल की सीट पर बैठे थे। उन्होंने खुद को कंबल से ढक लिया और फिर अंदर ही मास्टरबेट करने लगे। उसका कहना था कि उनकी जिप खुली हुई थी। इसके बाद जब डॉ. सुदीप्ट टॉयलट गए तो बच्ची उठकर दूसरी सीट पर बैठ गई। उसने क्रू मेंबर से भी इसकी शिकायत की।

## चुनाव से पहले बलूचिस्तान में 10 बम-ग्रेनेड धमाके, शांति बहाली में छूटे अधिकारियों के पसीने

**इस्लामाबाद।**पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों के कारण तनाव में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण हालात को सामान्य बनाने में अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूछ पर वोट डालेंगे।



रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान चुनाव आयोग (ECP) ने कहा कि देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4.28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2.76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।